

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 9 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-280 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### शिवराज सिंह चौहान कल छत्तीसगढ़ में

**रायपुर,9 जनवरी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 10 जनवरी को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. प्रवास के दौरान कृषि मंत्री प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री आवास की सौगात देंगे, इसके अलावा कुम्हारी में किसान मेला में शामिल होंगे. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का मिनट टू मिनट शेड्यूल जारी हुआ है. जिसके अनुसार, केंद्रीय मंत्री सुबह 11.15 बजे रायपुर पहुंचकर नगपुरा के लिए रवाना होंगे. दोपहर 12.10 से 12.25 मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे. दोपहर 12.40 से 12.55 प्रधानमंत्री आवासीय योजना कार्यक्रम में शामिल होंगे. लोक निर्माण विभाग रेस्टहाउस में दोपहर 2.00 से 2.30 तक आरक्षित है. दोपहर 2.35 को नगपुरा हेलीपेड के लिए रवाना होंगे. कुम्हारी के मिनी स्टेडियम में दोपहर 3.10 से 4.15 बजे तक ÷किसान मेला÷ कार्यक्रम में शिरकत करेंगे. विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 5.15 को भोपाल के लिए रवाना होंगे.

### टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग

**खैरागढ़,9 जनवरी।** शहर के बरेठ पारा स्थित टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया. समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा गोदाम में रखे गैस सिलेंडरों की वजह से बड़ा हादसा हो सकता था. यह भी पढ़ें ÷ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ÷ रायपुर जिले के 4 जनपद अध्यक्षों के लिए आरक्षण तय, जिला पंचायत सदस्य के लिए प्रक्रिया जारी जानकारी के अनुसार, बरेठ पारा के रहने वाले राजेश रजक का गोदाम है, जिसमें टेंट हाउस का लाखों रुपए का सामान रखा हुआ था. गोदाम से आग उठता देख आस-पास रहने वाले लोग भी अपना घर खाली कर सुरक्षित जगह की ओर भागे. लोगों ने इसके साथ आगजनी की सूचना फायर ब्रिगेड को दी. मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया. घटना की जांच के बाद स्पष्ट होगा कि आगजनी के पीछे क्या वजह थी.

### कवासी लखमा और उनके बेटे से दूसरी बार पूछताछ कर रही ईडी

**रायपुर,9 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2 हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आज दूसरी बार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा से पूछताछ कर रही. इससे पहले 3 जनवरी को ईडी ने दोनों से पूछताछ की थी. इस दौरान कुछ दस्तावेजों के लिए पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने श्वष्ठ से समय मांगा था. बता दें कि शराब घोटाला मामले में 28 दिसंबर को श्वष्ठ ने पूर्व मंत्री लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा के ठिकानों पर छापा मारा था. छापेमार कार्रवाई में श्वष्ठ ने नगद लेनदेन के सबूत मिलने की जानकारी दी थी. 3 जनवरी को दोनों को पूछताछ के बाद छोड़ा गया था. आज फिर कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा ईडी दफ्तार पहुंचे हैं, जहां ईडी दोनों से फिर पूछताछ कर रही.

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव रायपुर जिले के 4 जनपद अध्यक्षों के लिए आरक्षण तय

**रायपुर,9 जनवरी।** राजधानी के शहीद स्मारक भवन में रायपुर जिले के जनपद अध्यक्षों की आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई. वहीं जिला पंचायत सदस्यों के लिए आरक्षण का कार्य चल रहा है. रायपुर जिले 4 जनपद पंचायत हैं. इसमें से अभनपुर जनपद अध्यक्ष के लिए SC महिला, आरंग जनपद अनारक्षित महिला, धरसीवा जनपद अध्यक्ष OBC महिला के लिए आरक्षित हुआ. वहीं तिल्दा नेवरा जनपद अध्यक्ष अनारक्षित के लिए आरक्षित किया गया. अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 4.39 % होने के कारण नियमानुसार ST को आरक्षण नहीं दिया गया. बता दें कि इससे पहले के चुनाव में धरसीवा जनपद स्ष्ट महिला, आरंग जनपद अनारक्षित, अभनपुर जनपद अनारक्षित महिला और तिल्दा जनपद OBC महिला के लिए आरक्षित था.

# भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में है: मोदी

**भूवनेश्वर,9 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर ओडिशा में हैं। उन्होंने भूवनेश्वर में आज 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ओडिशा में कदम-कदम पर हमारे हैरिटेज के दर्शन होते हैं। सैंकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारे कारोबारी लंबा संमुद्री सफर कर बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों पर जाते थे। इसी स्मृति में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है। यही ओडिशा में औली नाम का वो स्थान है जो शांति का बड़ा प्रतीक है। दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बनाने का दौर था तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी विरासत का ये वही फल है जिसकी प्रेरणा से आज भारत दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में है, इसलिए ओडिशा की इस धरती पर आपका स्वागत करना मेरे लिए बहुत विशेष हो जाता है।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदुत माना है। मुझे बहुत खुशी होती है जब पूरी दुनिया में आप सभी साथियों से मिलता हूं। जो प्यार मुझे मिलता है वो भूल नहीं सकता। आपका आशीर्वाद हमेशा साथ रहता है।÷ पीएम मोदी ने कहा, ÷बीते 10 वर्षों में दुनिया के हर लीडर से मुलाकात हुई। सभी आप लोगों की बहुत प्रशंसा करते हैं। इसका एक कारण सोशल वैल्यू है। हम सिर्फ मदर ऑफ डेमोक्रेसी ही नहीं है, बल्कि डेमोक्रेसी हमरी जीवन पद्धति है।

पीएम मोदी ने आगे कहा, हमें डायवर्सिटी सीखनी नहीं पड़ती, हमारा जीवन ही इससे चलता है। हम जहां जाते हैं वहां के नियम, वहां की संस्कृति की रिस्पेक्ट करते हैं। हम पूरी ईमानदारी से उस देश की सोसायटी की सेवा करते हैं। इन सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है।

उन्होंने कहा, आज का भारत स्पीड से आगे बढ़ रहा है। जिस स्केल पर भारत में डेवलपमेंट के काम हो रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। सिर्फ 10 साल में भारत ने अपने यहां 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। सिर्फ 10 सालों में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वॉइंट पर पहुंचा, सबको गर्व हुआ। आज दुनिया भारत की ताकत देखकर हैरान है। ग्लोबल एनर्जी हो, एविएशन इकोसिस्टम हो, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी हो, मेट्रो का विशाल नेटवर्क हो, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट हो, भारत की प्रगति की गति सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। आज भारत मेड इन इंडिया फाइटर जेट बना रहा है। वो दिन भी दूर नहीं, जब आप किसी मेड इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने भारत आएंगे।



## घर में बड़ी मात्रा में मिला गौ मांस

### पुलिस हिरासत में 5 संदेही, मंत्री केदार कश्यप ने कहा - दोषियों पर होगी कार्रवाई

**रायपुर,9 जनवरी।** राजधानी रायपुर में गौकशी से जुड़ा बड़ा मामला सामने आया है. पुलिस ने गौ सेवकों की टीम के साथ मोमिनपारा में छापा मारा, जहां एक घर में बड़ी मात्रा में ताजा गौ मांस मिला है. इस मामले में पुलिस 5 संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही. पूरा मामला आचाद चौक थाना क्षेत्र का है. वहीं इस मामले में मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि विष्णुदेव के सुशासन में यहां गौकशी न हो, इसके लिए काम किया जा रहा है. जो भी दोषी होंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी. जानकारी के मुताबिक, मोमिनपारा के घर में तीन कमरों में बड़े स्तर पर गौ मांस काटने का काम चल रहा था. पुलिस ने 226 किलो में गौ मांस के साथ तराजू, मांस काटने का सामान, लड़की के बड़े टुकड़े, रस्सियां बरामद की है. एक डायरी भी मिली है, जिसमें कई नाम लिखे हैं. कितने किलो किसको गौमांस बेचा, इसकी जानकारी डायरी में लिखी हुई है. घर से खुर्शीद अली नाम के व्यक्ति की आईडी मिली है. पुलिस 5 संदेही को हिरासत में मामले की जांच कर रही है. वहीं इस मामले को लेकर हिंदू संगठन ने नाराजगी जताई है. देर रात चक्काजाम कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की.



## सड़क दुर्घटना के पीड़ितों का होगा कैशलेस इलाज

**नई दिल्ली,9 जनवरी।** सड़क हादसे के पीड़ितों को सरकार बड़ी राहत देने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि दुर्घटना के पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना सरकार लाने वाली है।

इसके तहत एक लाख रुपये से ज्यादा का इलाज मिल सकेगा। उन्होंने बताया है कि मार्च तक एक संशोधित योजना लाए जाने की तैयारी है। सोमवार को गडकरी ने कहा कि यह योजना किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहनों के कारण होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू होगी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, %पायलट कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा के अनुसार पीड़ित दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिन की अवधि के लिए प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक 'कैशलेस' उपचार के हकदार हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च, 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 'कैशलेस' उपचार प्रदान करने के लिए एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया था। चंडीगढ़ में शुरू किए गए पायलट कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को समय पर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए एक परिवेश तैयार करना था। पायलट परियोजना को बाद में छह राज्यों तक बढ़ाया गया।



**कैसे और कितने का मिलेगा इलाज**-सरकार ने अगस्त 2024 में जानकारी दी थी कि योजना के अंतर्गत आने वाले पीड़ितों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों की अवधि के लिए ट्रॉमा और पॉलीट्रॉमा देखभाल से संबंधित अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य लाभ पैकेज दिए जाते हैं। पीआईबी पर जारी विज्ञप्ति के अनुसार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एनएचए, स्थानीय पुलिस, सूचीबद्ध अस्पतालों, राज्य स्वास्थ्य एजेंसी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और सामान्य बीमा परिषद के साथ समन्वय कर कार्यक्रम को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गडकरी ने कहा है कि अगर पुलिस को हादसे के 24 घंटे के अंदर सूचित कर दिया जाता है, तो सरकार इलाज का खर्च उठाएगी। उन्होंने कहा है कि सड़क सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी है कि 2024 में करीब 1.80 लाख लोगों ने सड़क हादसे में जान गंवा दी है। इनमें से 30 हजार मौतें हेलमेट नहीं पहनने से हुई हैं। कार्यक्रम को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट एप्लिकेशन और एनएचए की लेनदेन प्रबंधन प्रणाली की कार्यक्षमता को मिलाकर एक आईटी मंच के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा।

## सुकमा-बीजापुर के सीमावर्ती इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़

**सुकमा,9 जनवरी।** सुकमा और बीजापुर के सीमावर्ती इलाके में एक बार फिर से पुलिस और नक्सलियों के मुठभेड़ की खबर आ रही है. डीआरजी और कोबरा के जवानों के साथ चल रहे इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की भी खबर है. इसकी पुष्टि सुकमा एसपी किरण चौहान ने की है. मिली जानकारी के अनुसार, अभी भी पुलिस और नक्सलियों के बीच रुक-रुक फायरिंग हो रही है. मुठभेड़ समाप्त होने के बाद सर्चिंग के दौरान मारे गए नक्सलियों की सही संख्या का पता चलेगा.बता दें कि बीते दिनों बीजापुर के अंबली में नक्सलियों ने IED ब्लास्ट किया था, जिसमें दंतेवाड़ा DRG के 8 जवान सहित 1 ड्राइवर शहीद हो गए थे. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वयं दंतेवाड़ा जाकर शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा दिया था. इसके साथ एक बार फिर से नक्सलवाद को प्रदेश से समूल जड़ समेत खत्म करने का संकल्प दोहाराया था.

### माओवादियों के नापाक मंसूबे नेस्तनाबूद

**बीजापुर,9 जनवरी।** सुरक्षा बलों ने माओवादियों के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया है. सुरक्षा बलों ने सड़क पर बीयर बॉटल में लगाए गए दो नग IED बरामद कर मौके पर नष्ट किया. जानकारी के अनुसार, थाना आवापल्ली और 229 सीआरपीएफ की टीम आरओपी एवं डिमाइनिंग डयूटी पर निकली थी.

## मैनपाट में 4 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान,जमने लगी ओस की बूंदें

**रायपुर/जशपुर,9 जनवरी।** पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही छत्तीसगढ़ में फिर से कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है. मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरी इलाके में शीतलहर का अलर्ट जारी कर दिया है. मैनपाट में तापमान 4 डिग्री तक पहुंच गया है. ठंड बढ़ने से जशपुर शहर और पठारी क्षेत्रों में खेत खलिहानों और गाड़ियों के ऊपर ओस की बूंदें जमकर बर्फ बनने लगी है. छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, यहां का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस चला गया है. सुबह घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से कम हो गई है. वहीं रायपुर में दिन का



तापमान 26.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से कम रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री रहा. माना में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो औसत से 2.4 डिग्री कम था. छत्तीसगढ़ में मैदानी इलाकों में दुर्ग संभाग सबसे ठंडा है. बुधवार को दुर्ग में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 5.5 डिग्री कम था. दुर्ग जिले में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है. राजनांदगांव में भी दिन का तापमान 27 डिग्री रिकॉर्ड किया गया.

## महाकुंभ : भारत-नेपाल सीमा का जायजा लेने पहुंचे आईजी

**बहराइच ,9 जनवरी।** प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर भी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा का जायजा लेने के लिए बुधवार को देवीपाटन मंडल के आईजी अमित पाठक भारत-नेपाल सीमा रुपईडीहा पहुंचे। यहां पर उन्होंने सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के कारण सुरक्षा व्यवस्था और मुस्तैद होगी।

आईजी अमित पाठक ने कहा कि यहां पर यूपी पुलिस और एसएसबी का सेटअप है, जो नेपाल सीमा से जुड़े प्वाइंट से आवागमन को रेग्युलेट करते हैं। आज सारे सेटअप को देखा गया है। इसकी जानकारी ली गई है कि लगभग कितने लोग आ रहे हैं और कितनी गाड़ियां सीमा पार कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि कार्गो सुविधा भी आईपीसी के माध्यम से चैनलाइज हो रही है। उसमें सुरक्षा बिंदुओं की समीक्षा की गई है। अधिकारियों के साथ बैठक में जो भी बिंदु निकलकर आए हैं, उस पर भविष्य में लेकर कार्रवाई का प्लान बनाया गया है। महाकुंभ को लेकर इस इलाके में सुरक्षा होनी चाहिए, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर है। यहां से व्यापार और लोगों को आना-जाना होता है। यह महत्वपूर्ण ड्यूटी प्वाइंट है। इस पर मानक सुरक्षा व्यवस्था को सख्ती से पालन करना है। इसके लिए मीटिंग करके सभी पक्षकारों को निर्देश दिए गए हैं और जॉइंट पेट्रोलिंग करके समीक्षा की गई है।

## जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन के बीच एक और किसान ने दी जान

**चंडीगढ़,9जनवरी।** हरियाणा और पंजाब को जोड़ने वाले शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे एक किसान ने गुरुवार को जहर खाकर जान दे दी। आत्महत्या करने वाले किसान की पहचान 55 वर्षीय रेशम सिंह के रूप में हुई है। जानकारी मिली है कि वह तरनतारन जिले के पाहुविंड गांव के रहने वाले थे। वह लंबे समय से शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसानों के आंदोलन में शामिल थे। कुछ दिन पहले ही एक और किसान ने यहीं पर जान दे दी थी। अब रेशम सिंह ने ऐसा अतिवादी कदम उठा लिया। मौके पर प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना है कि वह लंबे समय से चल रहे आंदोलन का कोई हल न निकलने से निराश थे। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से आंदोलन पर संज्ञान न लेने को लेकर नाराजगी जताई और यह कदम उठा लिया। यह आत्महत्या ऐसे समय में हुई है, जब खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता बीते 45 दिनों से अनशन पर बैठे हुए हैं। उनकी तबीयत बेहद खराब है, लेकिन वह आमरण अनशन के अपने हठ से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठिन समिति के सदस्यों ने उनसे मुलाकात करके स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की थी, लेकिन इससे भी डल्लेवाल ने इनकार कर दिया था। शंभू बॉर्डर पर डटे किसान नेताओं ने कहा कि आंदोलन स्थल पर तीन सप्ताह के भीतर इस तरह की यह दूसरी घटना है। दरअसल पंजाब के कई किसान संगठन आंदोलन का हिस्सा हैं। इन किसानों की मांग है कि केंद्र सरकार फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी को लेकर एक कानून बना दे। किसान नेता तेजवीर सिंह ने बताया कि रेशम सिंह लंबे समय से जारी विरोध प्रदर्शन के बावजूद मुद्दों का समाधान नहीं किए जाने को लेकर केंद्र सरकार से नाखुश थे। शंभू सीमा पर 18 दिसंबर को भी एक किसान रणजोध सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान पिछले साल 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं।

### बस-ट्रक में टक्कर, चार लोगों की मौत

**चेन्नई ,9 जनवरी।** तमिलनाडु के रानीपेट में गुरुवार को ट्रक और बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रानीपेट पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मंजूनाथ, कृष्णप्पा, शंकरन और सोमशेखरन के रूप में हुई है। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मृतकों के शव रानीपेट सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कर्नाटक राज्य परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## 3 हजार झुग्गी-झोपड़ियों के प्रधानों से मिलेंगे अमित शाह

नई दिल्ली। जैसे ही दिल्ली चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गर्म हो रहा है, भाजपा ने विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ी के मतदाताओं को लक्षित करते हुए एक अनोखी पहल शुरू की है। जहाँ झुग्गी, वहाँ मकान अभियान का उद्देश्य राजनेताओं और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले मतदाताओं के बीच की दूरी को पाटना है। इस संबंध को मजबूत करने के लिए, भाजपा नेता, सांसद और विधायक स्थानीय मुद्दों को समझने के लिए इन क्षेत्रों में रातें बिता रहे हैं, ताकि उनकी अभियान रणनीति में एक आकर्षक स्पर्श सुनिश्चित हो सके। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले झुग्गी-झोपड़ियों के मतदाताओं से जुड़ने की पहल के तहत अमित शाह 11 जनवरी को दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी समूहों के नेताओं से मुलाकात करने वाले हैं। शहर भर की लगभग 3,000 झुग्गी बस्तियों के प्रमुखों के साथ शाह की यह पहली बातचीत होगी। बैठक शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झुग्गी-झोपड़ी के मतदाताओं से जुड़ने के लिए एक विशेष पहल शुरू की है। पिछले कुछ महीनों में, दिल्ली भाजपा के कई नेता झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों से उनके मुद्दों को समझने के लिए मुलाकात कर रहे हैं। लगभग दो दर्जन भाजपा नेता हर हफ्ते इन झुग्गी-झोपड़ियों में एक रात बिता रहे हैं, लोगों से जुड़ने और उनकी चिंताओं के बारे में जानने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले हफ्ते, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने झुग्गीवासियों के लिए दिल्ली के अशोक विहार में 1,675 फ्लैटों का उद्घाटन किया। दिल्ली में लगभग 675 झुग्गी-झोपड़ियाँ हैं, जिनमें से 18-20 प्रतिशत पूर्वी और उत्तरपूर्वी संसदीय क्षेत्रों में स्थित हैं। इन क्षेत्रों ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) को लगातार समर्थन दिया है। हालांकि, बीजेपी आगामी चुनाव में इन वोटरों को अपने पाले में करने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है।

### 2025-26 के केंद्रीय बजट में 2036 में ओलंपिक खेलों के लिए नया प्रावधान किया जाए

jasclaudius@gmail.com

# खेलों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कोष का निर्माण जरूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता के पश्चात हमारे देश के खिलाड़ियों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए गए प्रदर्शन की तुलना की जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन विश्व स्तर पर अन्य देशों के प्रतिभागियों के सामने कमजोर होता है। इस बात की ओर केंद्र सरकारों ने तत्कालीन परिस्थिति के अनुसार विचार विमर्श करके खेलकूद को भारत में लोकप्रिय बनाने हेतु कदम उठाये। खेलों को देश के गांव-गांव तक पहुंचाकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता धन की होती है। जब हमारे देश में जनसंख्या विस्फोट के कारण रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य सबसे बड़ी समस्या बनकर खड़ी है तो खेलकूद के लिए धनराशि प्राप्त करना एक कठिन कार्य है। फिर भी समय की मांग के अनुसार खिलाड़ियों के खोज, प्रशिक्षण, उनके आवास, खान-पान, शिक्षा आदि के लिए केंद्र, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों, औद्योगिक घरानों द्वारा आर्थिक मदद की जा रही है। खिलाड़ियों को मुकाबले के लिए तैयार करने वास्ते अपने-अपने ढंग के खेल अकादमी बनाये जा रहे हैं। इस दिशा में विशेषकर 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत का नाम विश्व में स्थापित करने के लिए जिस तरह के प्रयास किए जा रहे हैं वह उल्लेखनीय है। पूरे देश में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खोज करके उनको प्रशिक्षित करना कोई साधारण कार्य नहीं है लेकिन प्रधानमंत्री ने इस प्रक्रिया को बजट में धन उपलब्ध कराके आसानी से पूर्ण कर दिया है। अब जबकि हमारे देश में 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के आयोजन कराने की कोशिश की जा रही है तो उसके लिए बड़ी धनराशि जमा करने के लिए वर्तमान 2025-26 के बजट से ही प्रावधान किए जाने की आवश्कयता है।हमारे देश में ऐसे बहुत से लोग हैं जो जीवन में खेलकूद के महत्व को समझते हैं तथा उसको बढ़ावा देने के लिए कुछ राशि देना चाहते हैं परंतु हमारे देश में फिलहाल ऐसी कोई व्यवस्था नहीं कि 'खेल कोष' का निर्माण करके उस भेंट या दान को जमा किया जाए। ऐसे दान देने वाले व्यक्ति, परिवार या संस्था को बजट में टैक्स से छूट देने का प्रावधान करना होगा। वर्तमान वित्त मंत्री को इस दिशा में ठोस निर्णय लेना होगा। 2036 के ओलंपिक खेलों के आयोजन के स्थल का चयन इसी वर्ष 2025 में हो जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री के कार्यप्रणाली से स्पष्ट है कि विश्व के अन्य देश भारत में 2036 के ओलंपिक खेलों के आयोजन में विशेष बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। भारत के बहुत से अर्थशास्त्रियों व नीति निर्माता भले ही इस बात से सहमत नहीं होंगे कि 2036 के ओलंपिक खेल के सफल आयोजन के लिए संभावित एक सौ अरब रुपये संग्रह नहीं हो पायेगा लेकिन ऐसा नहीं है। अभी 11 वर्ष का समय हमारे पास बाकी है। इस अवधि में बड़ी धनराशि एकत्र की जा सकती है। हमारे देश के विभिन्न स्रोत से प्राप्त होने वाले टैक्स से आयकर से छूट देने की नीति अभी से बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा निर्माण करने वाली संस्थाओं को विशेष छूट देकर अतिरिक्त टैक्स इकट्ठा किया जा सकता है। आम आदमी को लगने वाले आयकर में अतिरिक्त टैक्स वसूलने की नीति लागू किए बगैर भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन संभव है। इस तरह के आयोजन के सफल आयोजन पर शंका जाहिर करने वालों को यह बताना आवश्यक है कि अब ओलंपिक आयोजन में कांक्रीट निर्माण की जरूरत नहीं है और कम खर्च में पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए अधोसंरचना का निर्माण किया जा सकता है।

## एक नजर

### 105 खातों की जांच की जा रही

**भिलाई, 9 जनवरी।** भिलाई सैकड़ों की संख्या में अवैध रुप से करोड़ों रुपए बैंक के खाता धारकों के खाते में ट्रांसफर होने का मामला सामने आया है पुलिस को गृह मंत्रालय के पोर्टल से मिली शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 317(2), 317(4), 318 (4),61 (2) ए के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समनवय पोर्टल के द्वारा म्यूल एकाउंट खाता धारकों का अवलोकन कर पाया कि दक्षिण गंगोत्री सुपेला में स्थित फेडरल बैंक के 105 खाता धारकों के खाते में 1 करोड़ 2 लाख 34 हजार रुपए संदिग्ध रुप से आया है इन खातों को लेकर अन्य राज्यों में ऑन लाइन शिकायत भी दर्ज की गई है इसे लेकर साइबर क्राइम की टीम खातों के लेने-देन को लेकर जांच कर रही है फिलहाल पुलिस ने किसी भी खाता धारक का नामजद कार्रवाई नहीं किया है आने वाले दिनों में पुलिस खाता धारकों को उनके आधार कार्ड समेत उनका डिटेल खंगाला जाएगा उनके खातों में कहां कहां से और किसने रुपए ट्रांसफर किया है इसकी जानकारी के लिए खाता धारकों से पूछताछ के लिए थाना बुलाया जाएगा निजी बैंक में संदिग्ध किस्म के लेनदेन को पुलिस पुलिस बारिकी से चेक कर रही है इसके साथ ही साथ पुलिस बैंक प्रबंधनों से भी पूछताछ करने की तैयारी में है इन बैंको में ऑनलाइन अवैध रुपए किसके द्वारा किए गए इसे लेकर भी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस को संदेह है कि उक्त रकम के लिए खाता खुलाए गए होंगे खाता खुलवाने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

### युवती ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 9 जनवरी।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र बीती रात को ( 18 साल ) युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली कारण अज्ञात है पुलिस मामले की जांच कर रही है घटना से परिजन सदमे में है पोस्टमार्टम के बाद युवती का शव परिजनों को सौंपा गया मृतका का नाम खालिदा खातुन पिता इरफान उल्ला निवासी अवंति बाई चौक के पास कुरूद रोड कोहका बताया गया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरुविंदर संधु ने बताया कि खालिदा अपने कमरे में गई थी काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजन उसके कमरे में पहुंचे खालिदा फांसी पर लटकी हुई थी परिजनों व आसपास के लोगों ने उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी ।

### जिला पंचायत सदस्यों एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की कार्यवाही की गई

**दुर्ग, 9 जनवरी ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की कार्यवाही की गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 30/धारा-129 ड़ के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत दुर्ग के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्ग हेतु महिला/मुक्त, आरक्षण अवधारित किया है। जिला पंचायत के 12 सदस्यों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। जिसके अनुसार क्षेत्र क्रमांक 01 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 02 ओबीसी मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 03 एससी मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 04 एससी महिला, क्षेत्र क्रमांक 05 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 06 ओबीसी महिला, क्षेत्र क्रमांक 07 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 08 ओबीसी महिला, क्षेत्र क्रमांक 09 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 10 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 11 अनुसूचित जनजाति महिला एवं क्षेत्र क्रमांक 12 अनारक्षित महिला हेतु सीटों का आरक्षण किया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर सुश्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ पंचायत (उपसरपंच/अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम, 1995 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के जनपद पंचायत दुर्ग/धमधा/पाटन के अध्यक्ष पद के आरक्षण की कार्यवाही की है। जिसके अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षित प्रवर्ग अपिव (महिला), जनपद पंचायत धमधा हेतु अनारक्षित प्रवर्ग (मुक्त) तथा जनपद पंचायत पाटन हेतु अनारक्षित प्रवर्ग (महिला) अनारक्षित किया गया है।

### वन अधिकार पट्टा ने शोभितराम की बदली तकदीर

**महासमुंद 9 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू की गई वन अधिकार पट्टा योजना ने महासमुंद जिले के ग्राम बैहाडीह निवासी श्री शोभितराम बरिहा के जीवन में एक बड़ा बदलाव किया है। बिंझवार जाति से संबंध रखने वाले श्री बरिहा वर्षों से अपने कब्जे की जमीन पर खेती तो कर रहे थे, लेकिन यह पूरी तरह वर्षा पर निर्भर थी, जिसके कारण वे अपनी उपज को सस्ते दामों पर व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर थे और सालाना मात्र 25-30 हजार रुपये की आय मिल पाती थी। वन अधिकार पट्टा मिलने के बाद शोभितराम ने अपनी जमीन को सुधारने और समतल करने का काम शुरू किया। इस प्रयास ने उनकी खेती को अधिक उत्पादक बनाया। अब वे अपनी उपज को सरकारी धान उपार्जन केंद्रों पर उचित मूल्य और बोनस के साथ बेचने में सक्षम हैं। इसका सीधा असर उनकी वार्षिक आय पर पड़ा अब जो बढ़कर 60-70 हजार रुपये तक पहुंच गई, यानी पहले की तुलना में दोगुनी से अधिक हो गई।

वन अधिकार पट्टा से मिली स्थिरता ने शोभितराम को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने खेत में ट्यूबवेल लगाया, जिससे अब उनकी खेती वर्षा पर निर्भर नहीं है। सिंचाई की सुविधा मिलने के बाद वे साल में दो बार खेती कर पा रहे हैं। ग्रीष्मकाल में धान के साथ गेहूं, सूरजमुखी और सब्जियों की खेती ने उनकी आय को और बढ़ावा दिया। आय में वृद्धि होने से शोभितराम को बचत का मौका दिया। इससे उन्होंने अपने परिवार के लिए एक पक्का मकान बनवाया, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार का प्रतीक है। इसके अलावा, उन्होंने एक नया ट्रैक्टर खरीदा, जो न केवल उनके कृषि कार्यों में सहायक है, बल्कि किराए पर देकर आय का एक अतिरिक्त साधन भी बन गया। वन अधिकार पट्टा योजना ने श्री शोभितराम को आत्मनिर्भर बनाया और उनके परिवार को एक खुशहाल जीवन प्रदान किया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लोगों को मिलेगा सीधा लाभ:आयुक्त



**भिलाई, 9 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्रेडा एवं सोलर पैनल लगाने वाले एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। किस प्रकार से हम सब अपने घरो में सोलर पैनल लगवाके इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उपस्थित सदस्यों द्वारा यह बताया गया कि प्रतिमाह 300 यूनिट बिजली तक की योजना का लाभ लेने पर 78000 हजार तक सब्सिडी आवश्यकतानुसार सस्ते ब्याज दर पर बैंकों द्वारा लोन भी प्रदान किया जा रहा है। 0 से 2 किलो वाट तक अनुदान 30 हजार से 60 हजार तक, 150 से 300 खपत यूनिट तक सोलर प्लांट 2 से 3 किलो वाट पर 60 हजार से 78 हजार तक एवं 300 यूनिट खपत तक 3 किलोवाट से अधिक 78 हजार रुपये तक का सब्सिडी शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं निगम के मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में एजेंसी के सदस्यों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। जैसे- सोलर पैनल लगाने पर यदि अतिरिक्त बिजली बचता है तो क्या करेगें। इस पर एजेंसी द्वारा बताया गया कि सी.एस.ई.बी. बचत बिजली को अपने यहां स्टोर करेगी, जब भी व्यक्ति को आवश्यकता होगी उसे प्रदान किया जायेगा। सब्सिडी के साथ जो लगायेगा उसे 7 प्रतिशत ब्याज द्वारा बैंकों द्वारा लोन भी प्रदाय किया जायेगा। एजेंसी के सदस्य लोगो के बीच में जाकर इसके लाभ के बारे में बता रहे हैं। आयुक्त पाण्डेय ने कहा यह शासन की बहुत अच्छी योजना है, सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों अपने घर से लगाकर इसकी शुरुआत करनी चाहिए। भिलाई निगम का भी प्रयास होगा कि आफिसों में सोलर पैनल लगाकर बिजली के बिल में कमी की जावे। निगम भिलाई के निवासियों, जनप्रतिनिधियो, वार्ड पार्षद, हाउसिंग सोसायटी, कालोनियों आदि में जाकर इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। जिससे शासन के इस प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का सब लाभ ले सकें।

## आखिर किसे मिलेगी कवर्धा नपाध्यक्ष की टिकट, सुगबुगाहट शुरू

**कवर्धा, 9 जनवरी।** कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष के लिए भाजपा ओर कांग्रेस से अध्यक्ष की रेस में कई नामों की चर्चा होती हुई दिख रही है । खासकर बीजेपी से मनहरण कौशिक , चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , श्रीमती देव कुमारी चंद्रवंशी,पवन जायसवाल ,पन्ना चंद्रवंशी, कांग्रेस से संतोष नामदेव,बलदाऊ चंद्रवंशी , जमील खान , इंजीनियर राकेश तंबोली , संतोष यादव । बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा की प्रत्येक कार्यकर्ता को टिकट मांगने का अधिकार है लेकिन पार्टी ईमानदार ओर निष्ठावान और जिताऊ कार्यकर्ता को टिकट देगी । पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसे सभी भाजपा कार्यकता मिलकर जिताएंगे । कांग्रेस से जिलाध्यक्ष होरी राम साहू ने कहा की कांग्रेस निष्ठावान और ईमानदार कार्यकर्ता को पार्टी टिकट देगी । सुबह से ही आग तापते लोग ओर चाय पीते पीते चर्चा का दौर जारी है ।


# जिला पंचायत कबीरधाम 14 निर्वाचन क्षेत्रों और जनपद पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी



**कवर्धा,9 जनवरी।** जिला पंचायत कबीरधाम के 14 निर्वाचन क्षेत्रों और जनपद पंचायत कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहारा तथा पंडरिया के अध्यक्ष पदों के लिए क्षेत्रवार आरक्षण प्रक्रिया जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। यह प्रक्रिया अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) सुश्री मोनिका कौड़ो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीता रायस्त, उपसंचालक पंचायत श्री राज तिवारी, सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग एम.के. गुप्ता, विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार संजीव मिश्रा , स्कूली छात्राएं और जिला पंचायत के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे। आरक्षण प्रक्रिया के तहत जिला पंचायत के 14 निर्वाचन क्षेत्रों में क्षेत्र क्रमांक 01 अनुसूचित जनजाति (महिला), क्षेत्र क्रमांक 02 अनारक्षित (महिला), क्षेत्र क्रमांक 03 अनुसूचित जाति (मुक्त), क्षेत्र क्रमांक 04 अनुसूचित जाति (महिला), क्षेत्र क्रमांक 05 अनारक्षित (महिला), क्षेत्र क्रमांक 06 अनुसूचित जनजाति (महिला), क्षेत्र क्रमांक 07 अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला), क्षेत्र क्रमांक 08 अनुसूचित जनजाति (मुक्त), क्षेत्र क्रमांक 09 अनारक्षित (महिला), क्षेत्र क्रमांक 10 अनारक्षित (मुक्त), क्षेत्र क्रमांक 11 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त), क्षेत्र क्रमांक 12 अनारक्षित (मुक्त), क्षेत्र क्रमांक 13 अनारक्षित (महिला) और क्षेत्र क्रमांक 14 अनारक्षित (मुक्त) के रूप में आरक्षित किए गए हैं।इसी प्रकार जनपद पंचायत कवर्धा का अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति (महिला), बोड़ला का अध्यक्ष पद अनारक्षित (महिला), सहसपुर लोहारा का अध्यक्ष पद अनुसूचित जनजाति (महिला) और पंडरिया का अध्यक्ष पद अनारक्षित (मुक्त) के लिए आरक्षित किया गया है।

यह आरक्षण जिले की जनसंख्या के आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनारक्षित एवं महिलाओं के लिए निर्धारित किया गया है। 14 में से 07 क्षेत्र अनारक्षित हैं, जिनमें 04 महिलाओं और 03 मुक्त क्षेत्र शामिल हैं। अनुसूचित जाति के लिए 02 क्षेत्र ड्ड।ढ्ढ (01 महिला, 01 मुक्त), अनुसूचित जनजाति के लिए 03 क्षेत्र (02 महिला, 01 मुक्त) और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 02 क्षेत्र (01 महिला, 01 मुक्त) आरक्षित किए गए हैं।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर सेलूद में मनाया जाएगा उत्सव:खेमलाल





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 9 जनवरी।** श्रीराम मंदिर ट्रस्ट अयोध्या द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संतों से परामर्श के पश्चात यह निश्चय किया गया है कि जिस प्रकार सभी सनातन उत्सव हिन्दी तिथि एवं पंचांग के अनुसार मनाये जाते हैं द्य उसी प्रकार श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को प्रति वर्ष पंचांग के अनुसार पौष शुक्ल द्वादशी अर्थात कूर्म द्वादशी को मनाया जाये। इस तिथि को प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में जाना जायेगा। इस वर्ष 2025 को यह तिथि अंग्रेजी कैलेण्डर अनुसार 11 जनवरी 2025, शनिवार को पड़ रहा है। अतः पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में प्रभु श्री रामचन्द्र जी के प्राण प्रतिष्ठा के दिन ग्राम सेलूद में सनातन धर्म के मानने वाले हिन्दू समाज 108 कलश के साथ माता बहनो के द्वारा शोभा यात्रा निकाला जाएगा। बजरंग चौक सेलूद के बजरंग बली के मंदिर से पूजा अर्चना पश्चात 108 कलश के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो कि पूरा सेलूद भ्रमण पश्चात चार बांधा स्थित रामजानकी मन्दिर में भव्य दीपयज्ञ किया जाएगा । खेमलाल साहू ने सभी सनातनियो से निवेदन करते हुए कहा कि छोटे-बड़े सभी मंदिरों में रोशनी करें, श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का सामुहिक जाप करें। दिये जलायें, घंटियो की ध्वनि करें, प्रसाद वितरण करें। सभी अपने घरों में दिये जलायें, प्रभात फेरी निकालें, रंगोली सजायें। रामायण मंडलियाँ, चौक-चौराहों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, राम रक्षास्त्रोत का पाठ करें। वर्ष गांठ की एक दूसरे को बधाई प्रेषित करें। सनातन संस्कृति को विशेष पर्व के रूप में मनाने की कृपा करें।

# पावर हाउस सर्कुलर मार्केट के पास बनेगा आधुनिक सुविधायुक्त शौचालय



**भिलाई, 9 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र का पावर हाउस एक प्रमुख मार्केट है, जिसमें सब्जी मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, हार्डवेयर लाइन आदि जगहो पर हज़ारो नागरिक आते जाते हैं। दुकानों में काम करने वाले भी बहुत सारे व्यापारी कर्मचारियों के लिए सुविधा युक्त शौचालय की आवश्यकता थी। पूर्व में शौचालय निर्मित है और आवश्यकता को देखते हुए चेम्बर आफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों द्वारा केवल महिलाओं के लिए शौचालय का मांग किया जा रहा था। जिससे सबको प्रसाधन की सुविधा मिल सकें। वहां पर एक पिंक टॉयलेट बनाया जाएगा जिसका इस्तेमाल केवल महिलाएं करेंगी। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त सतीश यादव एवं संबंधित अधिकारियो को लेकर पावर हाउस मार्केट का दौरा किये। निगम के पुराने शौचालयों का भी निरीक्षण किये, कहां पर नवीन शौचालय बनाया जाए, जो सबके लिए सुविधाजनक होगा। सभी नागरिक उसका लाभ ले सकें। चर्चा के दौरान आया कि रोजगार कार्यालय, सीएसपी थाने के पीछे, सब्जी मंडी के तरफ एवं बीएसपी बाल मंदिर वार्ड क्रं. 36 के पास, व्यापारियो का मांग है कि सर्कुलर मार्केट के समीप एक युरिनल बनाया जाए। इसके निर्माण के लिए भी निर्देश दिये है। इन सभी जगहों का चयन करके संबंधित कार्यवाही शीघ्र की जायेगी। केवल महिलाओं को इस्तेमाल करने के लिए शौचालय भी बनेगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता शंकर मरकाम, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला ,जोन स्वास्थ्य अधिकारी बिरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी आदि उपस्थित रहे।




## कॉलेज छात्रों ने किया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण

**भिलाई, 9 जनवरी।** इंदिरा गांधी पी.जी. कॉलेज के विज्ञान संकाय के छात्रों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के शैक्षणिक भ्रमण तथा प्रशिक्षण लिए ले जाया गया। संस्थान के शोधार्थी द्वारा अनुसंधान और विभिन्न उपकरणों की जानकारी प्रदान की गयी द्य कार्यक्रम को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, प्राचार्या डॉ. अलका मेश्राम और प्रोफेसर कैलाश शर्मा का अमूल्य योगदान रहा । शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व इंदिरा गांधी पी. जी. कॉलेज के प्रोफेसर नीता डेनियल ने किया। डॉ. अल्पा श्रीवास्तव, डॉ. अजय कुमार मनहर, डॉ. मीनाक्षी भारद्वाज, डॉ. लक्ष्मी रमन आडिल और डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# रिसाली की नई सफाई व्यवस्था पर पार्षदों ने बहुमत से लगाई मुहर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली।** रिसाली निगम क्षेत्र के वार्डो की सफाई व्यवस्था का निविदा दर विशेष सामान्य सभा में बहुमत से पारित किया। विशेष सभा में सभी पार्षदों ने शहर हित में फैसला लिया। सभापति केशव बंछोर ने कोरम के अभाव में 10 मिनट के लिए सदन को स्थगित किया। स्थगन पश्चात पटल में एजेंडा को रखा। बुधवार को सुबह 11 बजे शुरू हुए विशेष सभा में सभापति ने चर्चा उपरांत एजेण्डा को पास करने अभिमत मांगा। हालांकि महापौर परिषद के सदस्य इसका विरोध करते रहे। बाद में सभापति ने बहुमत के आधार पर एजेंडा को पारित होने की घोषणा की। सभा 11 बजकर 10 मिनट में शुरू हुई और 11:40 को राष्ट्रगान के साथ समापन की घोषणा हुई। विशेष सम्मेलन में महापौर शशि सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, चंद्रप्रकाश सिंह, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव समेत सभी पार्षद मौजूद थे। सभापति निर्धारित समय 11 बजे सदन पहुंच गए थे। उन्होंने राजकीय गीत से सदन की शुरुआत की। कोरम पूरा नहीं होने के अभाव में सदन को 10 मिनट स्थगन की घोषणा की। इसी बीच महापौर शशि सिन्हा एमआईसी और सहयोगी पार्षदों के साथ सभागार पहुंची। स्थगन समय समाप्ती के बाद निगम सचिव ने एजेण्डा को पटल में रखा।

## रश्मि की पेंटिंग्स की एकल प्रदर्शनी का आयोजन आर्ट गैलरी में



**भिलाई, 9 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, सुश्री रश्मि भल्ला द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की तीन दिवसीय एकल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन आज 9 जनवरी को संध्याकाल मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक सुश्री निशा सोनी द्वारा किया जायेगा। सुश्री रश्मि ने सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट, मुंबई से फाइन आर्ट्स में डिप्लोमा किया है। वह एक निपुण कलाकार हैं और उन्हें चित्रकला में अमूर्त और आधुनिक कला की अन्य समान शैलियों के लिए जाना जाता है। उनकी कलाकृतियां राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित मंचों पर प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें राष्ट्रीय ललित कला अकादमी, नई दिल्ली, जहाँगीर आर्ट गैलरी, मुंबई, कालिदास अकादमी, उज्जैन, स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट आर्ट गैलरी, रायपुर, आदि शामिल हैं। पेंटिंग्स प्रदर्शनी 09 से 11 जनवरी तक प्रतिदिन संध्या 5:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक आम जनता के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष को पूर्व मण्डल अध्यक्षों ने बधाई दी



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,9 जनवरी।** पाटन विधानसभा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष गणों ने जिला भाजपा कार्यालय परिसर में नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक को मिलकर बधाई प्रेषित किया द्य सुरेंद्र कौशिक के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन के कार्यो में निश्चित रूप से कसावट आएगी और भाजपा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर संगठनात्मक कार्य करेगी । संगठन को बारीकी से जानने वालों को प्रदेश संगठन ने नेतृत्व दिया है जिसका पाटन क्षेत्र के कार्यकर्ता स्वागत करते है द्य जिसमे प्रमुख रूप से लालेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष दक्षिण मण्डल, लोकमनी चंद्रकार पूर्व अध्यक्ष उत्तर मण्डल, खेमलाल साहू पूर्व अध्यक्ष मध्य मण्डल पाटन शामिल रहे ।

## इंदौरी नगर पंचायत के नए सीएमओ बने प्रदीप ठाकुर



**कवर्धा , 9 जनवरी।** इंदौरी नगर पंचायत के नए सीएमओ प्रदीप सिंह ठाकुर ने प्राथमिकता के सवाल पर कहा की शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से लोगो को मिले यह मेरी प्राथमिकता रहेगी और सभी वार्डो की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा । गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य पर फोकस रहेगा ।

# बीएसपी के सिंटर प्लांट-3 में आयरन और फाइन्स बंकर की कमीशनिंग



**भिलाई, 9 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिन्टर प्लांट-3 (एसपी-3) मशीन 2 के आयरन ओर फाइन बंकर नं. 5 का उद्घाटन 7 जनवरी को कैपिटल रिपेयर के बाद किया गया। उद्घाटन समारोह मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी के बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता, महाप्रबंधक प्रभारी एस हलधर और महाप्रबंधक प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष सजीव वर्गीस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह पूरा कार्य उपमहाप्रबंधक एम यू राव, सहायक महाप्रबंधक अनिल भावे, महाप्रबंधक वर्गीस जॉन, वरिष्ठ प्रबंधक ओम नमः शर्मा और वरिष्ठ प्रबंधक विपिन मौर्य के तकनीकी मार्गदर्शन में किया गया। महाप्रबंधक आई वी रमना और वरिष्ठ प्रबंधक जितेश साहनी द्वारा योजना और समन्वय का कार्य किया गया। बंकर के रिपेयर के लिए समय पर बड़ी मात्रा में आपूर्ति करने हेतु महाप्रबंधक जितेंद्र मोटवानी और सहायक महाप्रबंधक निरंजन महंता की एसपी-3 द्वारा सराहना की गई।

## संपादकीय

# भाजपा के लिए इस बार अच्छा मौका है

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान चुनाव आयोग न कर दिया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। सभी राजनीतिक दलों के लिए अब प्रचार के लिए एक माह का समय बचा है। कई राजनीतिक दलों ने तो महीनों पहले चुनाव प्रचार शुरू कर दिया था। इसमें आम आदमी पार्टी सबसे आगे रही। आप के सीएम केजरीवाल तो भ्रष्टाचार का आरोपों के चलते सीएम पद से इस्तीफा देकर हरियाणा में भी चुनाव प्रचार किया था और उसके बाद दिल्ली में उन्होंने चुनाव घोषणा के बहुत पहले जनसंपर्क शुरू कर दिया था। प्रत्याशियों की घोषणा भी सबसे पहले कर दी थी ताकि केजरीवाल के साथ ही आप के प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार ज्यादा कर सकें, लोगों को ज्यादा मिल सकें, लोगों को ज्यादा प्रभावित कर सकें। हर चुनाव की तरह केजरीवाल इस चुनाव में भी लोकलुभावन घोषणाएं की हैं। केजरीवाल ने 13 के चुनाव में दिल्ली से भ्रष्टाचार खत्म करने व लोकपाल बिल के मुद्दे पर चुनाव लड़ा और बहुमत तो नहीं मिला लेकिन सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाई, 2015 में आप ने फिर लोकलुभावन वादे किए और चुनाव जीत लिया था उसके बाद 2020 के चुनाव में पानी,बिजली,महिलाओं के लिए बस फ्री का वादा करके चुनाव जीता। इस बार पुराने वादे तो किए ही है,नए वादे भी किए गए हैं जैसे महिलाओं को 2100 रुपए सम्मान निधि, 60 से ऊपर के बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना जिसमें उनका इलाज फ्री होगा, ग्रंथी व पुजारियों को 18 हजार रुपए मासिक देना। यह सिलसिला अभी आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। पिछले तीन चुनावों की तरह इस बार भी आम आदमी पार्टी केजरीवाल के चेहरे पर ही चुनाव लड़ रही है, सीएम जरूर आतिशी को बनाया गया है लेकिन उनके चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ा जा रहा है, उनका उपयोग महिलाओं के वोट और दिल्ली की जनता की सिम्पैथी पाने के लिए किया जा रहा है।कायदे से तो जो सीएम है चुनाव उसके चेहरे पर लड़ा जाना चाहिए लेकिन आप के सर्वेसर्वा केजरीवाल है, इसलिए उनका चेहरा भ्रष्टाचार के आरोपों से दागदार होने के बाद भी उनके ही चेहरे पर ही चुनाव लड़ा जा रहा है ताकि चुनाव जीतने पर वह फिर से सीएम बने। सीएम पद का मोह केजरीवाल को कितना है यह उनकी पार्टी के लोग बखूबी जानते हैं, इसलिए आतिशी को सीएम बनने पर भी कहना पड़ा था, वह केजरीवाल के सीएम बनकर लौटने तक ही सीएम हैं। फिर केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से कहा भी तो है कि अगर वह उनको ईमानदार मानती हैं तो ही उसको वोट देकर जिताना। यानी इस बार का दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने पर सबित होना है कि केजरीवाल दिल्ली की जनता की नजर में ईमानदार है, इसलिए दिल्ली की जनता ने उनको चुनाव जिताया है,इसलिए भी केजरीवाल आप का चेहरा बने हुए हैं। यानी भाजपा के पास केजरीवाल की टक्कर का कोई नेता नहीं है तो आप के भी पास केजरीवाल को कोई विकल्प नहीं है। पिछले तीन चुनावों में दिल्ली की जनता केजरीवाल पर आंख मूंदकर भरोसा करती थी क्योंकि उनकी ईमानदार नेता की छवि थी, वादे पूरा करने वाले नेता की छवि थी इसलिए दिल्ली की जनता जो वह कहते थे, उस पर भरोसा करती थी। इस बार मामला अलग है, उन पर तथा उनके नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, केजरीवाल सहित कई आप नेता जेल जा चुके हैं। इससे दिल्ली की जनता के मन में सवाल तो उठना ही है कि जब भ्रष्टाचार नहीं किया को केस क्यों चल रहा है, नेता निर्दोष हैं तो जेल क्यों जाना पड़ा। यानी केजरीवाल अब पहले की तरह ईमानदार नेता नहीं रह गए हैं। उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने से दिल्ली की जनता का भरोसा उन पर से उठ गया है। दस साल की एंटी इनकंबेशी अलग है, कई वादे वह पूरे नहीं कर सके हैं, यह भी दिल्ली की जनता अच्छे से जानती है। फिर इस बार दिल्ली का चुनाव त्रिकोणीय होने जा रहा है, कांग्रेस भी इस बार मजबूती से चुनाव लड़ रही है। माना जाता है कि जब कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ती है तो केजरीवाल को नुकसान होता है, इसलिए इस बार कांग्रेस के कारण भी केजरीवाल को राजनीतिक रूप से नुकसान होने वाला है। इस बार के दिल्ली चुनाव में आप को केजरीवाल के कारण नुकसान होने वाला है क्योंकि उसके पास केजरीवाल को कोई विकल्प नहीं है। यह भी कहा जा सकता है कि केजरीवाल किसी को अपना विकल्प ही नहीं मानते हैं।वह सोचते हैं कि वह दिल्ली की जनता की मजबूरी हैं. दिल्ली की जनता के सामने उनको चुनने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हो सकता है कि उनका विश्वास पूरा हो जाए और यह भी हो सकता है कि दिल्ली की जनता इस बार उनको बता दे कि अब आप पहले की तरह भरोसेमंद नेता नहीं रहे।हर तरफ से केजरीवाल को होने वाले नुकसान का फायदा भाजपा को होगा क्योंकि उसके पास दिल्ली में अपना वोटबैंक है, तीनों विधानसभा में भाजपा को 33 से 38 प्रतिशत वोट मिले हैं पांच छह प्रतिशत वोट भी इस बार मिल गए तो दिल्ली में भाजपा की सरकार बन सकती है।दिल्ली में भाजपा दो दशक से ज्यादा हो गया है अपनी सरकार नहीं बना सकी है। कहा जाता है कि भाजपा के पास सीएम का कोई लोकप्रिय चेहरा नहीं है, इसलिए भाजपा दिल्ली चुनाव हार जाती है। इस बार भी अभी तक भाजपा ने दिल्ली में अपना सीएम चेहरा घोषित नहीं किया है, हो सकता है कि वह आने वाले दिनों में अपने किसी नेता को सीएम चेहरा घोषित कर दे। भाजपा इस बार प्रत्याशी घोषित करने में पिछड़ गई है। जबकि आप व कांग्रेस ने इस मामले में उससे बढ़त ले ली है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो कांग्रेस दिल्ली में इस बार मजबूती से चुनाव लड़ रही है,उसने भी अपना सीएम चेहरा घोषित नहीं किया है, सीएम चेहरा मामले में कांग्रेस की स्थिति भी भाजपा जैसी है, शीला दीक्षित के बाद दिल्ली में कांग्रेस का कोई नेता ऐसा नहीं है जिसे कांग्रेस सीएम चेहरे के तौर पर पेश कर सके। दिल्ली में केजरीवाल व पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। कांग्रेस के नेताओं ने अपने स्तर पर प्रचार शुरू कर दिया है। लेकिन राहुल गांधी का अभी तक अतापता नहीं है। इससे उनकी कमी का एहसास हो रहा है, वह जब अपना चुनाव प्रचार करेंगे तो तीनों नेताओं में जनता को सबसे ज्यादा कौन प्रभावित करता है, यह देखने वाली बात होगी। हो सकता है कि दिल्ली की जनता इस आधार पर भी वोट दे। चुनाव के बाद पता चलेगा कि दिल्ली की जनता को मोदी,राहुल या केजरीवाल किसने सबसे ज्यादा प्रभावित किया।

10 जनवरी विश्व हिंदी दिवस

संजीव ठाकुर

# हिंदी है हम वतन है,फिर हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं



हिंदी संवैधानिक रूप से तो भारत की राजभाषा है,पर इसे राष्ट्रभाषा नहीं बनाया गया है विषय चिंतनीय है देश में व्यवहारिक रूप से हिंदी को कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक को सर्वोपरि सम्मान नहीं मिल पाया है जिसकी हिंदी भारत में सर्वाधिक हकदार भाषा है। यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता कथा विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु र मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान




रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया। 14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार-प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया,तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदी वासियों से दूरी बनाई रखी जाती है। यह भी हिंदी भाषा तथा देश के लिए विडंबना ही है। एनी बेसेंट ने बिल्कुल सच कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सर्वाधिक प्रभावशाली बन कर उभरी है वह है हिंदी भाषा। जो व्यक्ति हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर सकता है पर हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। हिंदी का बड़ा नुकसान अंग्रेजी भाषा ने भी किया है दक्षिण में स्थानीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी बहुतायत में बोली जाती है पर ना जाने क्यों हिंदी बोलने से बेशक परहेज करते हैं। सबको अपनी भाषा बोलने का अधिकार है पर हिंदी का अपमान करने का अधिकार देश में किसी को नहीं होना चाहिए। कई विद्वानों के सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस विश्व में हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है उसने अंग्रेजी भाषा को पीछे छोड़ दिया है। यह सर्वे की रिपोर्ट कितनी प्रमाणित है यह तो मालूम नहीं लेकिन निकट भविष्य में ऐसी संभावनाएं बन सकती है कि जब हिंदी वैश्विक भाषा बनकर तेजी से उभरेगी। हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी शासन ने अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया है जिनमें कक्षाओं कवि सम्मेलन नाटकों संगोष्ठी में हिंदी अनुसंधान ओ हिंदी टंकण आदि के बढ़ावा देने के साथ हिंदी पत्र-पत्रिकाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है दूसरी तरफ कंप्यूटर, इंटरनेट, ई बुक, विज्ञापन ,टेलीविजन तथा अन्य मीडिया के साधनों के क्षेत्र में हिंदी का अधिकतम उपयोग करने की समझाइश दी गई है, ताकि इसका विकास एवं संवर्धन किया जा सके। हिंदी भाषा भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, श्रीलंका जैसे देशों में बोली वह समझी जाती है। हिंदी के विशेष प्रचार प्रसार के लिए विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किए जाते रहे हैं। वैसे वैश्विक स्तर पर 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने की परंपरा लागू की गई है। हिंदी के प्रचार प्रसार तथा संवर्धन के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने कहा था हिंदी का प्रचार और विकास अब कोई रोक नहीं सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की सक्रियता बढ़ेगी। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। जमीन-जायदाद से संबंधित कोई मामला यदि लंबे समय से लटक रहा था, तो आपको उसको पूरा करने की भरसक कोशिश करनी चाहिए। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी वाहन की खरीदारी करना अच्छा रहेगा।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए नौकरी से संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण परेशानी में आ सकते हैं। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर यदि कोई तनाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आप अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलें और संतान के करियर को लेकर कोई इंवेस्टमेंट करने के बारे में सोचें। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। माताजी को कोई सेहत संबंधित समस्या हो सकती है।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके खिलाफ कोई राजनीति कर सकता है, जिससे आपको बचना होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। यदि आप अपने ससुराल पक्ष से किसी व्यक्ति से भी धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। किसी नए मकान की खरीदारी आप कर सकते हैं। व्यापार कर रहे लोगों के शत्रु आज हावी रहेंगे।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। परिवार में लोगों को आपके सुझाव खूब पसंद आएंगे। पिताजी आपके बिजनेस में काफी मदद करेंगे। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से भागदौड़ अधिक रहेगी। आपको धन संबंधी योजनाओं पर भी ध्यान देना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी योजनाएं पहले से बेहतर रहेंगी। आप यदि पार्टनरशिप में कोई काम करेंगे, तो वह भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी अजनबी की बातों में ना आएं। आप अपनी आय और व्यय में तालमेल बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। विद्यार्थी किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकते हैं।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ टाइम बिता सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। धन को लेकर आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपको किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपकी सेहत में यदि उतार चढ़ाव लगा हुआ था, तो वह भी दूर होगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले, नहीं तो उसमें आपको समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में आपको राहत मिलेगी।

**धनु-** आज के दिन आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे, जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। किसी काम में आपको मेहनत अधिक करनी होगी। सरकारी क्षेत्रों में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार में यदि आप किसी सदस्य को कोई सलाह देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिल सकता है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको वापस मिलने की संभावना है। आपका कोई मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है। जीवनसाथी को लेकर आप कहीं वेकेशन पर जा सकते हैं।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपकी योजनाएं बेहतर लाभ देगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपने यदि किसी पार्ट टाइम कार्य को करने के लिए सोचा था, तो आप उसके लिए भी समय निकालने में कामयाब रहेंगे, लेकिन आप कार्यक्षेत्र में अपनी बात लोगों के सामने स्पष्ट रखें। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए टेंशन से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा, लेकिन आप बिना सोचे-समझे किसी काम में हाथ ना डालें, नहीं तो आपको नुकसान होने की संभावना है। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो आपका वह काम पूरा हो सकता है। लेकिन फिर भी नौकरी में कार्यरत लोग अपने गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें, क्योंकि वह उनके मित्र के रूप में हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में यदि आपकी जीवनसाथी से खटपट चल रही थी और वह आपसे नाराज थी, तो आप उन्हे मनाने की कोशिश करेंगे।

## कविता

अब अंधेरे का जवाब उजालों से दीजिए।

लाख कोशिशों से कुछ ना हो क्या कीजिए
मत सोचिए छोड़ सब ऊपर वाले पे दीजिए।

अब इस जमाने को बाजार ही समझिए
सलाह थोक में मदद ब्याज में लीजिये।

कब तक रूठी रहेगी किस्मत आपसे इरादों से चट्टानों को रेत में बदल दीजिये।

जिंदगी मिली है तमाशा तो न बनाइये
बाजुओं के दम से उसे मुठ्ठि में कीजिये।

जमाना जाने जमाना क्या सोचता है मेरे बारे में,

अब अंधेरे का जवाब उजालों से दीजिए।

पीठ पर खंजर चलाने का है रिवाज यहां पीठ को अपनीं सख्त ढाल में बदल दीजिये।


आए हो तो कुछ नायाब करके जाइए
खुदा नही संजीव उसके बंदे जैसे बन जाइए।

## राजनीतिक माया का रंगीन महल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



दिल्ली की गलियों में जब से अवधी ओझा ने खुद को कट्टा मोटिवेटर के नाम से संबोधित किया है, तब से उनका जादू चलना शुरू हो गया है। अब तो ऐसा लगता है जैसे उन्होंने खुद को एक नए राजनीतिक नायक के रूप में स्थापित कर लिया है। हर नुक्कड़ पर उनकी बातें सुनने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी है, मानो वे कोई फिल्मी सितारा हों। पर असली सवाल यह है, क्या वे वाकई दिल्ली की असंख्य प्रजा के लिए प्रेरणास्त्रोत बन पाएंगे या यह सब केवल एक माया है? एक बार की बात है, ओझा जी ने एक भव्य रैली का आयोजन किया। रैली में आए लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने बड़े उत्साह से कहा, अगर भविष्य में मुझे तीसमारखान जी को कुर्सी से हटाने के लिए जाना पड़ा, तो मैं संकोच नहीं करूँगा! जैसे ही यह वाक्य उनके मुंह से निकला, वहाँ मौजूद एक वृद्ध व्यक्ति ने ठहाका लगाते हुए कहा, बेटा, पहले तो तुम खुद कुर्सी पर बैठने लायक बन जाओ। यह सुनकर ओझा जी थोड़े झिझके, लेकिन फिर तुरंत अपना आत्मविश्वास फिर से इकट्ठा किया और बोले, कविवर मुच्छड़ जी को साक्षी मानकर मैं ये शपथ लेता हूं! अब यह सुनकर तो भीड़ ने तो जैसे कसम खा ली हो। सबने मिलकर मुच्छड़ जी, जिंदाबाद! का नारा लगाने लगे। लेकिन पीछे खड़ा एक युवा सोचने लगा, क्या सच में मुच्छड़ जी ने कभी ऐसा शपथ लिया था, या ओझा जी ने ही उनके नाम का दुरुपयोग कर दिया? रैली खत्म होने के बाद ओझा जी अपने कुछ साथियों के साथ चाय की दुकान पर गए। वहाँ एक चायवाला बोला, भाई साहब, आपका भाषण सुनकर मुझे तो ऐसा लगा जैसे आप राजनीति का अगला सुपरहीरो बनने वाले हैं! ओझा जी मुस्कराए और बोले, भाई, सुपरहीरो तो मैं हूँ, पर मुझे भी कभी-कभी चाय के लिए लड़ना पड़ता है। तभी एक और साथी बोला, और अगर कुर्सी का मामला आया, तो वो तो अपने आप से ही लड़ना पड़ेगा! एक दिन, ओझा जी ने अपने समर्थकों को इकट्ठा किया और एक नई योजना का ऐलान किया। उन्होंने कहा, हम दिल्ली के हर मोहल्ले में एक नई पहल शुरू करेंगे, जिससे हर नागरिक को उसकी ज़िम्मेदारी का एहसास हो। सभी ने ताली बजाई, लेकिन किसी ने पूछा, पर अगर हम खुद ही अपनी ज़िम्मेदारियों से भाग रहे हैं, तो यह योजना सफल कैसे होगी? ओझा जी ने बड़ी चतुराई से जवाब दिया, देखो भाई, ज़िम्मेदारी का एहसास तो तब होगा जब कोई 'कट्टा मोटिवेटर' सामने होगा! फिर एक दिन ओझा जी ने अपने समर्थकों से कहा, आज मैं आपको एक नई बात बताने जा रहा हूँ। सबने ध्यान से सुना। मैं अपने समर्थकों के लिए एक वेबसाइट बनाने जा रहा हूँ। एक समर्थक ने चुटकी ली, अच्छा, तो क्या वहाँ आप अपने 'कट्टे' की तरह बयानों के साथ-साथ 'मोटिवेशनल' वीडियो भी डालेंगे? ओझा जी हंसते हुए बोले, बिल्कुल! हर सुबह एक नया मोटिवेशनल वीडियो, जिसमें मैं यह बताऊंगा कि कैसे मैं तीसमारखान को कुर्सी से हटाने के लिए तैयार हूँ!




इस सब के बीच एक और मजेदार मोड़ आया। ओझा जी के एक समर्पित समर्थक ने सुझाव दिया, सर, क्यों न हम एक 'कट्टा मोटिवेशनल' क्लब बनाएं? जिसमें लोग अपने अनुभव साझा कर सकें! ओझा जी ने तुरंत सहमति जताई और बोले, बिल्कुल, हम इसे 'कट्टे की बात' नाम देंगे! यह सुनकर सबने फिर से ताली बजाई, लेकिन अंदर ही अंदर सब यही सोच रहे थे कि यह सब केवल एक और राजनीतिक ड्रामा है। इस प्रकार, अवधी ओझा की राजनीति एक रंगीन महल की तरह है, जिसमें हर दिन नए रंगों का रोमांच होता है। वह खुद को एक नायक के रूप में प्रस्तुत करते हैं, लेकिन असल में वह सब केवल एक मजेदार किस्सा बनकर रह जाता है। जब भी ओझा जी का नाम आता है, लोगों के चेहरों पर मुस्कान आ जाती है। कहीं न कहीं, वे सभी को अपने साथ हंसते-खिलखिलाते हुए राजनीति के इस रंगीन सफर पर ले जाते हैं। तो इस तरह, कट्टा मोटिवेटर ओझा जी का सफर चलता रहेगा। दिल्ली की गलियों में जब भी उनकी आवाज गूंजेगी, लोगों को फिर से यह सोचने पर मजबूर कर देगी कि क्या यह राजनीति का नया रंग है, या केवल एक मजेदार कहानी। और इसी तरह, ओझा जी अपने कट्टे और अनोखे वादों के साथ दिल्ली की राजनीति में अपनी छाप छोड़ते रहेंगे।

## सेहत के लिए फायदेमंद बादाम

बादाम में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपकी इम्यूनिटी के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक बादाम को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम करना बेहद जरूरी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर आप रेगुलरली ज्यादा बादाम खाएंगे, तो आपको सेहत से जुड़ी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**कितने बादाम खाने चाहिए?**-एक दिन में यानी 24 घंटे में आप 30 ग्राम बादाम खा सकते हैं। 30 ग्राम से ज्यादा बादाम का सेवन करना आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। ज्यादा बादाम खाने की वजह से आपको कब्ज जैसी पेट से जुड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा जरूरत से ज्यादा बादाम मोटापे का कारण भी बन सकते हैं। इसलिए सही मात्रा में इस ड्राई फ्रूट का सेवन करने में ही आपकी भलाई है।

**किस समय खाएं बादाम?**-आयुर्वेद के मुताबिक बादाम खाने का सही समय सुबह का वक्त होता है। बेहतर परिणाम हासिल करने के आप सुबह-सुबह खाली पेट बादाम का सेवन कर सकते हैं। अपने दिन की शुरूआत बादाम खाकर करने की वजह से आपको दिन भर एनर्जेटिक फील होगा। थकान और कमजोरी जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप इस ड्राई फ्रूट को कंज्यूम कर सकते हैं।

**सेहत के लिए वरदान**-अगर आप रेगुलरली सही मात्रा में और सही तरीके से बादाम खाते हैं, तो आप अपनी बोन हेल्थ को मजबूत बना सकते हैं।

## विज्ञान

# नये वर्ष में कीर्तिमान रचेगा हमारा इसरो !

**सुनील कुमार महला**



वर्ष वर्ष 2025 का आगमन हो चुका है। नया साल भारत के लिए अंतरिक्ष के क्षेत्र में बहुत ही शानदार उपलब्धियों व कीर्तिमान स्थापित करने वाला होने वाला है। मीडिया के हवाले से खबरें आ रहीं हैं इस वर्ष यानी कि 2025 में इसरो चार जीएसएलवी, तीन पीएसएलवी और एक एसएसएलवी रॉकेट लॉन्च करेगा। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि स्पेस मिनिस्टर श्री जितेंद्र सिंह ने इसरो की उपलब्धियों पर जोर देते हुए कुछ समय पहले यह कहा था कि एक समय अमेरिका चंद्रमा मिशन में व्यस्त था और आज इसरो अमेरिकी उपग्रहों को लॉन्च कर रहा है। उन्होंने कहा था कि 'यह वर्ष यानी कि 2025, न केवल इसरो की तकनीकी प्रगति का गवाह बनेगा, बल्कि भारत की अंतरिक्ष शक्ति को वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त करेगा।' जानकारी के अनुसार 'नए साल(2025) के पहले छह महीनों में छह बड़े मिशन लॉन्च होंगे।' पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो वर्ष 2024 के अंत में अपने स्पैडेक्स मिशन को लांच कर चुका है और यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अब जनवरी-2025 में इसरो अपने 100 वें मिशन को लांच करने जा रहा है। इस मिशन को जीएसएलवी एफ-15/एनवीएस-02 नाम दिया गया है। यह सेकंड जनरेशन का सैटेलाइट होगा, हालांकि, इसे जनवरी में कब लॉन्च किया जाएगा, इसकी आधिकारिक तारीख अभी जारी नहीं की गई है?। सौंवा मिशन जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल यानी जीएसएलवी एमके-क्क रॉकेट के जरिए भेजा जाएगा। इस मिशन का उद्देश्य भारतीय उपग्रह नेविगेशन का विस्तार करना है। नेविगेशन पेलोड के जरिए ही धरती पर यूजर्स तक सिग्नल्स पहुंचाए जाते हैं। ऐसा तीन बैंड एल-1, एल-5 और र के स्पेक्ट्रम के जरिए होता है।मिशन के जरिए भेजा जाने वाला नेविगेशन सैटेलाइट(एनपीएस)भारतीय जीपीएस नेविगेशन विद इंडियन कॉस्टेलेशन का हिस्सा रहेगा। इस मिशन से फायदा यह होगा कि इससे आर्मी की लोकेशन के साथ जमीन, हवा और पानी में नजर रखी जा सकेगी। इससे एक ओर जहां खेती-किसानी में मदद मिलेगी वहीं पर दूसरी ओर इससे इमरजेंसी सर्विस भी बेहतर हो सकेगी। मोबाइल में लोकेशन से जुड़ी सर्विसेस को भी इससे बेहतर बनाया जा सकेगा। इतना ही नहीं, इससे फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन, पावर ग्रिड और सरकारी एजेंसी को टाइमिंग सर्विस उपलब्ध कराई जा सकेगी तथा साथ ही साथ इससे इंटरनेट बेस्ड ऐप और अधिक बेहतर हो सकेंगी। बहरहाल, उल्लेखनीय है कि इस साल यानी कि 2025 में इसरो द्वारा निसार, महिला रोबोट 'व्योममित्र'(महिला ह्यूमनॉइड व्योममित्र), गगनयान सहित अन्य मिशन लॉन्च होंगे। उल्लेखनीय है कि 'व्योममित्र' मिशन गगनयान के मानव मिशन(व्योम मित्र रोबोट) की तैयारी का एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल, 'व्योम मित्र' मिशन फाइनल मानव मिशन जैसा ही होगा, बस इसमें इंसान नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि गगनयान के पहले मानवरहित मिशन को भी नए साल की पहली तिमाही में लॉन्च किया जा सकता है। जानकारी मिलती है कि नासा- इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) सैटेलाइट लॉन्च कर सकता है, जो कि अपनी तरह का सबसे महंगा सैटेलाइट है,जिसकी अनुमानित लागत 12,505 करोड़ बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि यह भारत-अमेरिका द्वारा विकसित मिशन है। यह उपग्रह हर 12 दिन में पृथ्वी की सतह और बर्फ की निगरानी करेगा, जिसमें उच्च रेजोल्यूशन की क्षमताएं होंगी। कहना गलत नहीं होगा कि, इसरो का गगनयान मिशन एक दमदार मिशन होगा। इस संबंध में जानकारी मिलती है कि मानव युक्त अंतरिक्ष उड़ान गगनयान 2025 के अंत तक या 2026 की शुरूआत में होगा। उल्लेखनीय है कि इसरो ने मार्च से पहले गगनयान मिशन के लिए ह्यक्रू एस्केप सिस्टमह्ल का परीक्षण करने की भी योजना बनाई है। इतना ही नहीं,एक अमेरिकी कस्टमर के लिए मोबाइल कम्युनिकेशन सैटेलाइट का कमर्शियल लॉन्च भी जल्द ही होने वाला है। पाठकों को बताता चलूं कि केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि 'पहली तिमाही में एक अंतरराष्ट्रीय कस्टमर के लिए एलवीएम 3-एम-5 मिशन निर्धारित है। फरवरी या मार्च तक अमेरिका के लिए डायरेक्ट मोबाइल कम्युनिकेशन के लिए एक उपग्रह भी लॉन्च किया जा रहा है।' यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इसरो द्वारा की अन्य महत्वपूर्ण मिशन भी अभी पाइपलाइन में हैं। निश्चित ही ये सारे मिशन भारत की अंतरिक्ष क्षमताओं को और अधिक मजबूत करेंगे। कहना गलत नहीं होगा कि इसरो न सिर्फ देश के लिए बल्कि दुनियाभर के लिए स्पेस साइंस में योगदान दे रहा है। अंत में, यही कहूंगा कि इस साल जहां एक ओर एनवीएस-02 हमारे देश के नेविगेशन सिस्टम को बेहतर बनाएगा, वहीं दूसरी ओर 'निसार'(भारत -अमेरिका द्वारा विकसित)पृथ्वी की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गौरतलब है कि भारत का व्योममित्र मिशन गगनयान के लिए रास्ता तैयार करेगा, जो भारत के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि होगी। इसी बीच, हाल ही में केंद्र सरकार ने वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है और वे 14 जनवरी 2025 को इसरो के वर्तमान प्रमुख एस सोमनाथ से पदभार ग्रहण करने जा रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि अब इसरो को एक नया चेहरा मिलने जा रहा है, जो कि इसरो में काफी बड़ा नाम है। जानकारी के अनुसार वे 1984 में इसरो में शामिल हुए थे तथा उन्?होंने करीब चार दशकों तक अंतरिक्ष संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। आपकी विशेषज्ञता रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रोपल्शन में है। उल्लेखनीय है कि डॉ. नारायणन का आदित्य अंतरिक्ष यान और जीएसएलवी एमके-क्क्क मिशन, चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 के प्रणोदन प्रणालियों में भी योगदान रहा है। कहना चाहूंगा कि निश्चित ही डॉ. वी. नारायणन के सानिध्य और अनुभवों के चलते इसरो इस साल में निश्चित ही और अधिक ऊंचाइयों को छूएगा और भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक विश्व शक्ति बनकर उभरेगा।

# सिमगा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में हुआ सरपंचों का आरक्षण

- 104 ग्राम पंचायतों की जनसंख्या के प्रतिशत के आधार पर 24 अनुसूचित जाति वर्ग एवं उपरोक्त 24 ग्राम पंचायतों से 12 ग्राम पंचायत महिला वर्ग के लिए आरक्षित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 9 जनवरी।** आज सिमगा जनपद पंचायत के सभाकक्षा में एसडीएम अंशुल वर्मा, सीईओ अमित दुबे ने 104 ग्राम पंचायतों का विधि पूर्वक आरक्षण किया। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित आमजनों को पंचायत अधिनियम में विहित प्रावधानों की जानकारी दी, उसके पश्चात सरपंच आरक्षण की कार्यवाही प्रारंभ किया।

नियमानुसार 104 ग्राम पंचायतों की जनसंख्या के प्रतिशत के आधार पर 24 ग्राम पंचायतों का लॉट निकालकर अनुसूचित जाति वर्ग का आरक्षण किया गया एवं उपरोक्त 24 ग्राम पंचायतों से 12 ग्राम पंचायत महिला हेतु आरक्षित किया गया। उसी प्रकार अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु कुल जनसंख्या के आधार पर 09 ग्राम पंचायतों का लॉट निकाला गया, उसके पश्चात महिलाओं हेतु 50



प्रतिशत आरक्षण को ध्यान में रखकर 05 ग्राम पंचायतों में अनुसूचित जाति महिला हेतु लॉट निकाला गया। उसके पश्चात शासन के निर्देशानुसार कुल ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों का 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण किया जाना है।

जिसके अनुसार 50 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में सरपंचों के आरक्षण में 24 ग्राम पंचायत अनुसूचित जाति के लिए एवं 09 ग्राम पंचायत अनुसूचित जनजाति की आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अन्य पिछड़ा हेतु 19 ग्राम पंचायतों हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण हेतु लॉट निकाला गया। तत्पश्चात उपरोक्त 19 ग्राम पंचायतों में से 10 ग्राम पंचायत अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण हेतु लॉट निकाला गया। उपरोक्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचिज जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के सरपंच पदों के लिए आरक्षण पश्चात 52 ग्राम पंचायतों की अनारक्षित हेतु मानकर उक्त 52 ग्राम पंचायतों से 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए पद आरक्षण हेतु 26 ग्राम पंचायतों का लॉट निकालकर अनारक्षित महिलाओं हेतु आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण किया गया। इस आरक्षण कार्य में विशेष रूप से तहसीलदार अनिरूद्ध मिश्रा, करारोपण अधिकारी, आर.बी.पाण्डेय, टी.आर. निर्मलकर, दुर्गेश साहू, ओ.पी. पुरेना, हरिशचंद्र साहू, पी.के. रॉय, सालिकराम वर्मा उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मिला संस्कृत शिक्षक प्रतिनिधिमंडल



**कसडोल, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से संस्कृत विषय के सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास में सौजन्य भेंट किया। शिक्षक प्रतिनिधियों ने 3 माह पूर्व उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के बाद भी विभाग द्वारा आज पर्यन्त पदोन्नति की कार्यवाही हेतु कोई पहल नहीं किए जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी व डॉ रमन सिंह को अपनी पीड़ा से अवगत कराया। शिक्षकों ने उच्च न्यायालय के युगल पीठ द्वारा पारित आदेश दिनाँक 11 सितम्बर 2024 के डब्लू पी एस 2116/2024 के पैरा क्रमांक 10 एवं 11 तथा छत्तीसगढ़ राज पत्र सेवा शर्त 2019 में उल्लिखित पदोन्नति नियम 14 एवं 15 की अनुसूची 4 के सरल क्रमांक 17 को प्रस्तुत करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि योग्यताधारी एवं पात्र सहायक शिक्षकों को संस्कृत शिक्षक के पद पर अविलंब पदोन्नति देने हेतु विभाग को निर्देशित करने की कृपा करें। उक्त प्रतिनिधि मंडल में सन्त साहू, मनोज साहू, पैकरा सर, दास सर, झसकेतन बघेल, संतोष निषाद संस्कृत विषय के पात्र सहायक शिक्षक सोमप्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : 27 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**बलौदाबाजार, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत गायत्री मंदिर बलौदाबाजार में विवाह का आयोजन किया गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार एवं लवन अंतर्गत कुल 27 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे जिसमें विवाहित जोड़ों को 35 हजार रूपए प्रति जोड़े के मान से आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। उपस्थित जनप्रतिधियों ने नवविवाहित जोड़ो को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें व आशीर्वाद दिए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, जनपद सदस्य, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, परियोजना अधिकारी बलौदाबाजार सरस्वती चंद्रवंशी तथा बलौदाबाजार एवं लवन के समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जी जामगांव में मनाई गई सावित्री बाई फुले जयंती



**भखारा, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भखारा क्षेत्र के ग्राम-जी जामगांव के पटेल धर्मशाला में देश की प्रथम महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले की 193 जयंती मनाया गया।उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि घनाराम साहू ने कहा कि भारत में शिक्षा पाना सभी का अधिकार है लेकिन समाज में कई समुदाय इससे लंबे से समय तक दूर रहे हैं उन्हें शिक्षा का अधिकार पाने के लिए लंबा लड़ाई लड़नी पड़ी है खासतौर पर लड़कियों को शिक्षा पाने के लिए अपनों का ही विरोध झेलना पड़ा है देश की पहली महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले की जयंती है, जिन्होंने पहले खुद लंबी लड़ाई लड़कर पढ़ाई की बल्कि उसके बाद दूसरी लड़कियों को पढ़ने में मदद की. सावित्री बाई फुले के बिना देश की शिक्षा और समाजिक उत्थान की बात अधूरी है।उक्त कार्यक्रम में ममता रानी साहू, भीम पटेल, चुनेन्द्र पटेल, गोपाल साहू, ईश्वर नारंग, वेद प्रकाश बांधे, देवनारायण साहू, दीनदयाल साहू, रोशन मरकम, हेमेश रेगारी, कामता कौशिक, मन्नु राम साहू, प्रेम लाल नारंग, जितेंद्र पटेल, रुपेंद्र साहू, ममता साहू, रेवती साहू, लक्ष्मी घालंद, ईश्वरी यादव, प्रदीप बघेल, रामनाथ अंसारी, मेघनाथ, नंद कुमार बांधे, रामकृष्ण साहू, विनोद बघेल, राजू डवन पटेल, भवन लाल पटेल, ओंस पटेल, दिलीप पटेल, नरेंद्र पटेल, राजु, डोमन, भवंर, वंश पटेल, दिलीप, नरेंद्र, अशोक, लोकु पटेल, नरेश पटेल, डॉ तुलसी साहू, साधना मेश्राम, लालचंद पटेल, ईश्वर नारंग, शशि नारंग, गितेन्द पटेल, खालसा, बंसीलाल पटेल, देव प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 20 को

**भखारा, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर के विभिन्न रिक्त पद यथा केस वर्कर, बहूद्देशीय कार्यकर्ता, पैरालीगल कार्मिक, पैरा मेडिकल कार्मिक एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर महिला सेवा प्रदाताओं के चयन हेतु 20 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय भवन, अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय बलौदाबाजार में वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया है।

भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय में उपस्थित होकर एवं जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन www.balodabazar.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

## जिला पुलिस ने ली ट्रांसपोर्टर व चैंबर पदाधिकारियों की बैठक

# वाहन चालकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए दी ट्रांसपोर्टरों को हिदायत



- लिमाही में निर्मित ट्रांसपोर्ट यार्ड में ट्रांसपोर्टर को वाहनों की समुचित पार्किंग, हाई मास्क लाइट लगाने एवं पानी की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए किया गया निर्देशित
- बैठक में सभी ट्रांसपोर्टर को अपने वाहनों में रेडियम पट्टिका एवं रात्रि के समय प्रदर्शित होने वाले अन्य संसाधन लगाने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 जनवरी।** 7 जनवरी को सायं 35वां सड़क सुरक्षा माह अभियान कार्यक्रम-2025 के तहत यातायात जागरूकता हेतु जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अपर कलेक्टर बलौदाबाजार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ जिले के ट्रांसपोर्टर एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारियों का बैठक लिया गया। बैठक के दौरान समस्त ट्रांसपोर्टर को अपने वाहन चालकों को यातायात के समस्त नियमों का कडाई से पालन करवाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में विशेष रूप से कहा गया कि किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन चलाने वाले ड्राइवर को काम पर कदापि ना रखें, ऐसे ड्राइवर को काम पर रखना सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से बिल्कुल भी सही नहीं है। बैठक में कहा गया कि समस्त वाहनों में पार्किंग लाइट अवश्य लगावे, साथ ही यदि परिवहन के दौरान कोई वाहन खराब हो जाता है, तो उसे सड़क मार्ग से पर्याप्त दूरी पर हटाकर यथासंभव सुरक्षित पार्किंग स्थल पर पार्क करें तथा तत्काल मोटर मैकेनिक को बुलावे। बैठक के दौरान लिमाही में निर्मित ट्रांसपोर्ट यार्ड में हाई मास्क लाइट एवं पानी की समुचित सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही बैठक के दौरान 18 बिंदुओं में समस्त ट्रांसपोर्टर संचालकों एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को यातायात व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

1. वाहन के सामने एवं पीछे रेडियम पट्टी लगा होना चाहिए।
2. रोड में वाहन खराब होने पर झाड़ी का डंगाल तोड़कर लगाया जाता है जो कि गलत है। गाड़ी खराब होने की स्थिति में रेडियम पट्टी प्लास्टिक वाला त्रिकोण आकार का रहता है सभी गाड़ी में लगाना जरूरी है।
3. शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही पर काम से निकाल देना चाहिए।
4. सभी ट्रांसपोर्टर द्वारा वाहन यार्ड से निकलते एवं प्रवेश करते समय वाहन चालकों को ब्रैथ एनालाइजर मशीन से चेक किया जाए।
5. रोड के ऊपर वहां को पार्किंग ना करें।
6. वेयर हाउस में लगे ट्रकों में अनुमति पत्र को चश्पा कर रखें, चेकिंग के दौरान पाया गया है कि एक आदेश पर कई वाहन का नंबर पेन से लिखकर फोटोकॉपी चश्पा किया गया है। सभी वाहनों का पृथक पृथक अनुमति करावे।
7. शहर के अंदर वाहन को समय से पहले लाकर वेयरहाउस के बाहर रात में रात भर खड़ी रखते हैं ऐसा नहीं होना चाहिए।
8. यदि किसी कारणवश वाहन खराब हो जाता है तो मैकेनिक टीम को जल्दी से जल्दी भेजना सुनिश्चित करें।
9. सभी ट्रांसपोर्टर अपने वाहन में टोचन राड अवश्य उपलब्ध करावे ताकि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को समय पर हटाया जा सके।
10. कई चालक ट्रक को रोड किनारे खड़ी कर रात भर के लिए घर में रहते हैं, मना करने पर विवाद की स्थिति निर्मित होती है जो उचित नहीं है।
11. रोड के किनारे खड़ी बड़ी वाहनों को दुपहिया वाहन एवं चारपहिया वाहन रात के समय अचानक टकरा जाने से दुर्घटना अधिक हो रही है जिससे मृत्यु की संख्या अधिक होती है।
12. सीमेंट संयंत्र अधिक होने से माल वाहक वाहनों की आवाजाही अधिक संख्या में होने से सड़कों पर काफी दबाव है। रोड किनारे दोनों तरफ पार्किंग ना करें। प्लांट के निकटतम क्षेत्र में वाहन को सुव्यवस्थित ढंग से पार्किंग करना सुनिश्चित करें।
13. वाहनों में कम फ्यूल होने की वजह से एयर की समस्या के कारण वाहन बीच रोड में खड़ी हो जाती है, जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। वाहनों में पर्याप्त मात्रा में ईंधन भरावे।
14. हाईवे चालकों द्वारा वाहनों को काफी तेज गति से चलाया जा रहा है, जिस कारण गंभीर दुर्घटनाएं भी हो रही है। निर्धारित गति सीमा का पालन करने हेतु चालकों को समझाइस देवें।
15. शहर में सफेद पट्टी का पालन करते हुए, वाहन पार्किंग करना सुनिश्चित करें।
16. शहर में नो एंट्री समय प्रातः 6 :00 बजे से रात्रि 10 :00 बजे तक निर्धारित है, जिसका पालन कराना सुनिश्चित करें।
17. शहर अंदर व्यापारिक सामग्रियों के माल लोड एवं अनलोड का समय निर्धारित करें।
18. भारी वाहनों में सहायक (हेल्पर) को रखना सुनिश्चित करें।

# छुरिया नगर पंचायत में अध्यक्ष चुनाव के लिए हो सकती है एक अनार और सौ बीमार जैसी स्थिति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

## इस बार अध्यक्ष पद सामान्य होने से मचेगा घमासान

**छुरिया, 9 जनवरी।** नगर पंचायत छुरिया में नगर अध्यक्ष पद सामान्य होने से इस बार नगर अध्यक्ष बनने घमासान मचेगा। दावेदारों और प्रत्याशी की संख्या में इजाफा होगा ।इस पद के लिए हर वर्ग के लोग चुनावी समर में उतरेंगे। अध्यक्ष पद के चुनाव में आरक्षण को लेकर सबको इंतजार था ।अब इंतजार खत्म हो गया । छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष पद सामान्य हो गया है ।इस बार राजनीतिक रूप से इस पद को लेकर कांग्रेस और भाजपा में घमासान देखने को मिलेगा। चौक चौराहे पान ठेलो में चुनाव का चर्चा होना शुरू हो गया है।दावेदार अपनी किस्मत आजमाने के लिए चुनाव के रणभूमि में कूदेंगे ।आरक्षण की स्थिति साफ होने के बाद अब टिकट के लिए दावेदारों की लंबी लाइन लगेगी। इस बार प्रत्यक्ष प्रणाली से अध्यक्ष पद का चुनाव होना है मुख्य पार्टी कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला होना



तय है ।दोनों ही दलों में दावेदारों की होड़ लगेगी ।भाजपा से संभावित दावेदार सुरेंद्र सिंह भाटिया (रोमी ) पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष, अजय पटेल पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, रमेश कश्यप पार्षद , राधे शर्मा जिला मीडिया प्रभारी ,इंजीनियर हरीश साहू और टामेश कुंभकार हो सकते है।

वहीं कांग्रेस से राहुल तिवारी जिला प्रवक्ता कांग्रेस, रितेश जैन कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष,मनोज यादव उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया,मनोज सिन्हा पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग,तरुण सिन्हा , भोजवानी साहू,राधेश्याम ठाकुर पार्षद , दबीज खान ,सादिक मेमन, सलमान खान , अकिल मेमन ,सोनू खान आदि । भोजवानी साहू, भोजवानी ऑनलाइन आपरेटर का, नगर पंचायत अध्यक्ष बने के लिए पूर्व से तैयारी चल रहा है छुरिया में समूह को साधने के अलावा युवा वर्ग को फ्री में लाइसेंस बनाकर देने के साथ-साथ फ्री में हेलमेट का भी वितरण किया गया है और छुरिया में जितने भी खेल का आयोजन हुआ है । सब में उनका योगदान और भागीदारी रहा है इसलिए माना जा रहा है कि यदि भोजवानी साहू को कांग्रेस टिकट देती है तो चुनाव का परिणाम अलग रहेगा। बताया जाता हैं कि भोजवानी साहू द्वारा छुरिया नगर पंचायत के विकास के लिए नया मॉडल तैयार कर रखा गया है। हाल ही में पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक का कथा छुरिया से 5 किलोमीटर दूर ग्राम हालेकोसा में 4 से 10 जनवरी तक हो रहा है जिसमें भी भोजवानी साहू द्वारा निशुल्क छुरिया से हालेकोसा के लिए अपना गाड़ी चलवा रहा है। जिसका उनको नगर के लोगो द्वारा प्रशंसा मिल रहा है।हमर राज पार्टी भी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार उतार सकते हैं । कयास लगाया जा रहा है कि अब नगरी निकाय के महापौर, अध्यक्ष का आरक्षण आने के बाद 15 जनवरी तक आदर्श आचार संहिता लग सकती है। भाजपा से सबसे प्रबल दावेदारी सुरेंद्र सिंह भाटिया और अजय पटेल का रहेगा इन दोनों में से किसी को भी बीजेपी टिकट देती है तो संतोष झनक परिणाम आ सकता हैं। वहीं पार्टी चाहे तो नए चेहरे पर भी दाव लगा सकती है बहरहाल अभी तो टेलर शुरू हुआ है पिक्चर तो पूरा बाकी है। दोनों पार्टियों में टिकिट के लिए एक अनार और सौ बीमार जैसा स्थिति भी बन सकती है।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

क्रमांक / /तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 06/01/2025
रा.प्र.क्र. ..............
/ब-121/2024-25
ग्राम- मुसवाडीह प.ह.नं. 18

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक अमरदास टण्डन पिता सिलन टण्डन निवासी ग्राम मुसवाडीह थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी माता बुधयारीन बाई पति शिलन टण्डन का (मृत्यु) दिनांक 28/06/2022 को ग्राम मुसवाडीह में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 22/01/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 06/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**



**नाम परिवर्तन**

मैं मदनलाल डाहरे पिता स्व.मोहन लाल डाहरे निवासी ग्राम सिरसाकला, तह.भिलाई-3 जिला दुर्ग छ.ग. का हूँ। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम लावन्या दर्ज है, जिसमें सरनेम नहीं है। जो अपूर्ण है। अब मैंने अपनी पुत्री का नया नाम बदलकर लावन्या डाहरे कर लिया है। जो की सही व सत्य है एवं जहाँ भी आवश्यकता होती है इसी नाम का उपयोग करता हूं। अतः आज से भविष्य में समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री लावन्या को नए नाम लावन्या डाहरे के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मदनलाल डाहरे**
**पिता स्व.मोहन लाल डाहरे**


## बालसमुंद जलाशय में पर्यटक उठा रहे बोटिंग का आनंद, समूह की महिलाएं कर रही हैं बोटिंग का संचालन

# प्राचीन संस्कृति और पर्यटन का संगम पलारी का सिद्धेश्वर शिव मंदिर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के नगर पंचायत पलारी स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है।जनपद पंचायत मुख्यालय पलारी स्थित यह प्राचीन मंदिर जिले का सबसे बड़ा तालाब बालसमुंद तालाब के तटबंध पर स्थित है और 7वीं-8वीं शताब्दी ईस्वी में निर्मित है।



**इतिहास और वास्तुशिल्प की अद्वितीयता :** मंदिर की संरचना लाल ईंटों से की गई है और यह पश्चिमाभिमुखी है। इसके द्वार पर नदी देवियां गंगा और यमुना त्रिभंग मुद्रा में अंकित हैं, जबकि सिरदल पर त्रिदेवों और शिव विवाह का दृश्य उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रतीक है। गर्भगृह में सिद्धेश्वर शिवलिंग प्रतिष्ठित है और शिखर भाग कीर्तिमुख, गजमुख, और व्याल की अलंकृत आकृतियों से सजा हुआ है। राज्य शासन के मंशानुरूप जिला पप्रशासन स्त्र2ड्डह्म्पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस मंदिर को पर्यटन स्थल के रुप मे विकसित की जा रही है।

**बिहान समूह द्वारा नौका विहार का संचालन :** सिद्धेश्वर शिव मंदिर के समीप स्थित बालसमुंद तालाब में बिहान समूह की महिलाओं द्वारा नौका विहार सेवाएं संचालित की जा रही हैं। यह पहल न केवल स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन को भी प्रोत्साहित कर रही है। नौका विहार का संचालन पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने का अवसर प्रदान करता है साथ ही स्थानीय समुदाय की आय के स्त्रोतों को भी बढ़ावा देता है। यह प्रयास ग्रामीण पर्यटन और महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रयास क्लस्टर संगठन की दीदियों के द्वारा नौका विहार का सप्ताह के सातों दिन संचालित किया जाता है। इन दीदियों ने साल भर में 8 से 10 लाख रुपए की आय इस नौका विहार से प्राप्त कर चुकी है। इस बाल समुन्द नौका विहार में मोटर बोट, पैडल बोट, बेबी बोट, वॉटर रोलर, कवास व ट्रैपोलिन के माध्यम से यहां आने वाले पर्यटक बोटिंग का आनन्द लेते है। प्रयास क्लस्टर संगठन की अध्यक्ष अनीता गोयल कहती है कि शासन ने इस बाल समुन्द नौका विहार को संचालित करने की जिम्मेदारी हम महिलाओं को दी है इसके लिए मैं शासन का धन्यवाद करती हूं। इसके जरिए हम महिलाएं बिहान समुह से जुड़कर अपनी आजीविका चला रहे है और आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध बन रहे है। यह हम महिलाओं के लिए बहुत ही सहयोगी सिद्ध हुआ है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का बहुत बहुत धन्यवाद करती हूं।

**ऐतिहासिक धरोहर को देखने जरूर आएं:** प्रदेशवासियों और पर्यटकों से अनुरोध है कि वे इस ऐतिहासिक धरोहर को देखने आएं और छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनुभव करें।


**कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर-कांकेर**

**-: अल्पकालीन निविदा**

एन.आई.टी. क्रमांक/62 से 68/जि.नि.स./2024-25 — कांकेर, दिनांक 03.01.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से) - 15/01/2025 (सायं 5:00 बजे तक)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 20/01/2025 (सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 25/01/2025 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्रपत्र की अंतिम तिथि - 31/01/2025 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 04/02/2025 (दोपहर 12:30 बजे से)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | NIT NO | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 62 | विकासखण्ड-अंतागढ़ के अंतर्गत (1) शासकीय हाईस्कूल बड़ेपिंजाड़ी, (2) नागरबेड़ा (3) मातला अ 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं (4) नागरबेड़ा में 01 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 55.12 | 41,500/- | 1st Call |
| 02 | 63 | वि.ख.-अंतागढ़ के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल (1) कलेपरस (2) सरण्ड़ी वि.ख.-भानुप्रतापपुर के (3) तरांदूल में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 47.19 | 35,500/- | 1st Call |
| 03 | 64 | वि.ख.-दुर्गूकोंदल के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल (1) आमागढ़ (2) ओटेकट्टाएवं वि.ख.- कोयलीबेड़ा के (1) मेंन्ड्रा एवं (2) बड़पारा में 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 62.92 | 47,500/- | 1st Call |
| 04 | 65 | वि.ख.-कोयलीबेड़ा के अंतर्गत (1) शासकीय हाईस्कूल बड़ेझारकट्टा (2) रेंगावाही (3) माचापल्ली में 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 47.19 | 35,500/- | 1st Call |
| 05 | 66 | वि.ख.-कोयलीबेड़ा के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल के (1) चारगांव (2) सुलंगी में 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 31.46 | 24,000/- | 1st Call |
| 06 | 67 | वि.ख.-अंतागढ़ के प्राथमिक शाला (1) बुढ़ाकुरसाई (2) अर्रा (3) हलाईनार (4) आलनार (5) कोटकोड़ो (6) पालरमेटा (7) मेचानार (8) दर्रोखल्लारी में 01-01 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 63.44 | 48,000/- | 1st Call |
| 07 | 68 | वि.ख.-अंतागढ़ के प्राथमिक शाला (1) कोंगेरा (2) देवगांव (3) करमरी (4) गवाड़ी (5) हुचाड़ी (6) पालरमेटा में 01-01 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 36.65 | 30,000/- | 1st Call |

जी-242505199/6

**कलेक्टर**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

## एक नजर

### दूसरे के जमीन को अपना बताकर 38 लाख में बेचा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर, 9 जनवरी।** शासकीय भूमि को स्वयं का बताकर इकरारनामा तैयार करवाकर 38 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विवेक अग्रवाल 44 वर्ष वीआईपी रोड श्रीराम मंदिर के पास रहता है। प्रार्थी ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि आरोपी अखिलेश चोपड़ा, परविन, ओमप्रकाश, मनोज वर्मा व अन्य ने दूसरे की जमीन को अपना बताकर इकरारनामा तैयार कर प्रार्थी से 38 लाख रुपए ले लिया।

### सूने मकान से नकदी रकम पार

**रायपुर, 9 जनवरी।** अन्ना चौक गुढ़ियारी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 12 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा 59 वर्ष अन्ना चौक गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 12 हजार रुपए पार कर दिया।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 9 जनवरी।** न्यू शांति नगर सिविल लाइन में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिभुवन संगेवार 52 वर्ष न्यू शांतिनगर सिविल लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमवी 3868 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 9 जनवरी।** तेलीबांधा और सिविल लाइन थाना पुलिस के टीम ने गांजा बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 3 किलो 350 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी स्थित पुराना शराब दुकान के पास गांजा बेचते आरोपी दीपक बबलानी 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 किलो 10 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आक्सीजोन गार्डन के पास आरोपी सूरज बंजारे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 250 ग्राम गांजा जब्त किया है।

### छेर-छेरा पुन्नी 13 को

**रायपुर, 9 जनवरी।** इस वर्ष छत्तीसगढ़ का लोक पर्व छेर-छेरा पुन्नी 13 जनवरी सोमवार को है। इसे छेर-छेरा तिहार भी कहा जाता है। यह पर्व विशेषकर छत्तीसगढ़ के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मनाया जाता है। धान की नई फसल के दान से जुड़ी इस परंपरा को बच्चों की टोली घर-घर जाकर छेर-छेरा माई कोठी के धान ला हेर-हेरा किसानों के इस महत्वपूर्ण पर्व के दिन माता शाकम्भरी का प्रकटोत्सव भी है। धान लेने के रिवाज के पिछे मान्यता है कि दान करने से घरों में धन-धान्य की कमी नहीं होती। युवा इस दिन डंडा नृत्य करते हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शासन ने इस सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**रायपुर, 9 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 25 जनवरी को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' सम्पूर्ण भारत में मनाया जाता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में आज छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा परिपत्र जारी कर दी गई है। जारी परिपत्र के अनुसार 25 जनवरी 2025 को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर सभी शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षण संस्थानों में पूर्वान्ह 11 बजे शपथ लेने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही सभी शासकीय व सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय एवं शिक्षण संस्थानों में भारत निर्वाचन आयोग के लोगो, जो मतदान के महत्व की पुष्टि करता है का उपयोग आधिकारिक वेबसाइटों में भी किया जाएगा।

# प्रदेश प्रभारी, सीएम की अध्यक्षता में भाजपा कार्यसमिति की बैठक

## नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के लिए रणनीति बनाने पर हुई चर्चा



■ प्रदेश अध्यक्ष के लिए बनाया गया पैनल

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 9 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बीजेपी प्रदेश कार्यालय में भाजपा कोर कमेटी, मंत्रिमंडल व महामंत्रियों की बैठक शुरू हो गई है. भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बैठक हो रही है। जिसमें निकाय और पंचायत चुनाव के मुद्दे तय किए जाएंगे. बैठक में महापौर, अध्यक्ष सहित पार्षद प्रत्याशी चयन का मापदंड तय किया जाएगा। बैठक में चुनाव प्रभारी भी तय किए जाएंगे। बैठक में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा समेत सभी मंत्री और कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित हैं।


भाजपा प्रवक्ता के अनुसार आज की बैठक कई मामले में महत्वपूर्ण है जिसमें प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का निर्वाचन तथा प्रदेश अध्यक्ष के नाम का अनुमोदन, मंत्रिमण्डल विस्तार के संबंध में चर्चा की जा रही है। माना जा रहा है कि इस बैठक के पश्चात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए एक पैनल दिल्ली भेजा जाएगा। इस पैनल में धरमलाल कौशिक, शिवरतन शर्मा एवं नारायण चंदेल का नाम प्रस्तावित किया जा रहा है। हाईकमान के द्वारा अंतिम अनुशंसा की जाएगी। इसके पश्चात ही अधिकारिक रूप से घोषणा होगी। रायपुर शहर के मेयर पद के लिए भी काफी दबाव बनाया जा रहा है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल अपने पसंदीदा व्यक्ति को ही पार्षद टिकिट दिलाने की कोशिश करेंगे। विभिन्न नगर निगमों में आरक्षण के आधार पर ही प्रत्याशी का चयन किया जाएगा। पंचायतों में भी यही स्थिति रहेगी। पंचायत चुनाव गैर राजनीतिक आधार पर लड़े जाते हैं लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए पार्टी अपनी दिशा-निर्देश जारी करेगा।

### मंत्रिमण्डल विस्तार की पुनः चर्चा

हरियाणा फॉर्मूले के आधार पर छग में भी अब तीन मंत्री बनाए जा सकते हैं। माना जा रहा है कि रायपुर, बिलासपुर और बस्तर संभाग से एक-एक विधायक को मंत्री बनाया जा सकता है। पिछले कई दिनों से मंत्रिमण्डल विस्तार को लेकर चर्चा चल रही है लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई अधिकारिक फैसला नहीं हो पाया है। दुर्ग के गजेन्द्र यादव का नाम भी चर्चा में है। वे पूर्व प्रदेश संघ प्रमुख के पुत्र हैं। इसी आधार पर अपना दावा कर रहे हैं। लेकिन अब कोरग्रुप ही अंतिम फैसला करेगा।

# अभनपुर विस के तमसिवनी जनपद क्षेत्र से असलम मिर्जा प्रबल दावेदार

**रायपुर, 9 जनवरी।** रायपुर जिले के अभनपुर विधानसभा के अंतर्गत तमसिवनी जनपद क्षेत्र से युवा और ऊर्जावान नेता असलम मिर्जा आगामी चुनाव में प्रबल दावेदार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। क्षेत्र का आरक्षण सामान्य होने के बाद असलम मिर्जा की उम्मीदवारी को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है। असलम मिर्जा पिछले 10 वर्षों से सक्रिय राजनीति में हैं। उन्होंने छात्र राजनीति से शुरुआत की और अपनी मेहनत एवं समर्पण के बल पर आज प्रदेश युवा कांग्रेस के पदाधिकारी के रूप में पहचान बनाई है।



**शिक्षा और प्रारंभिक जीवन:** असलम मिर्जा की प्रारंभिक शिक्षा तमसिवनी स्थित शारदा शिशु मंदिर से हुई। इसके बाद उन्होंने गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए वे रायपुर गए और वहां से एलएलबी की डिग्री हासिल की। उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि ने उन्हें क्षेत्र की जनता के अधिकारों और कानूनों को समझने में मदद की है, जिससे वे जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान कर पाते हैं।

**सक्रियता और अनुभव:** असलम मिर्जा लगातार क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहे हैं। जनपद पंचायत में जनता के मुद्दों को उठाने और उनका समाधान करवाने में वे अग्रणी रहे हैं। वे अभनपुर के पूर्व विधायक एवं मंत्री श्री धनेंद्र साहू के करीबी माने जाते हैं और उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र की सेवा कर रहे हैं। असलम के पिता जी एक सामान्य शिक्षक हैं और विगत 22 वर्षों से ग्राम डोमा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। असलम मिर्जा पूर्व में ग्राम डोमा से पंच भी निर्वाचित हो चुके हैं, जहां उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। तमसिवनी जनपद क्षेत्र की जनता असलम मिर्जा को एक सशक्त, ईमानदार और जनसेवक के रूप में देखती है। आगामी चुनाव में उनकी दावेदारी से क्षेत्र के विकास और जनकल्याण को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## मामूली विवाद पर छात्र पर एसिड से अटैक

**रायपुर, 9 जनवरी।** जिले के तखतपुर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल से एक चौंकाने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है, यहां 11वीं कक्षा के एक छात्र ने अपने ही साथी छात्र पर एसिड फेंक दिया। घटना प्रैक्टिकल के दौरान उस वक्त हुई, जब छात्रों के बीच आपसी नोकझोंक बढ़ गई। सूत्रों के मुताबिक, जब छात्र प्रैक्टिकल में व्यस्त थे, तब एक छात्र ने गुस्से में आकर एसिड अपने साथी की पीठ पर फेंक दिया, जिससे उसकी पीठ गंभीर रूप से झुलस गई। इसके बाद घायल छात्र को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद स्कूल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया।

### भगवती चरण शुक्ल वार्ड से समाजसेवी अमर चंदनानी है भाजपा के प्रबल दावेदार

**रायपुर, 9 जनवरी।** आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज़ हो चुकी है । इसी के चलते वार्ड 57 से समाज सेवी अमर चंदनानी ने भाजपा से दावेदारी पेश की है । आपको बता दें अमर वर्तमान में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश सचिव हैं व एवं समाज सेवा बेहद सक्रिय हैं । हालांकि वे सांसद बृजमोहन अग्रवाल के करीबी भी माने जाते हैं । अब देखने वाला विषय ये होगा की उन्हें भाजपा द्वारा टिकट दी जाती है या नहीं । अमर चंदनानी ने वार्ड क्रमांक 57 भगवती चरण शुक्ल वार्ड (कटोरा तालाब) भाजपा से पार्षद पद की दावेदारी पेश की, उन्होने बताया ङ्क मेरा परिवार राजनीतिक एवं व्यासारिक पृष्ठभूमि से जुड़ा है,पूर्व में उनके बड़े भाई पार्षद पद पर रह चुके है।सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बेहद करीबी माने जाते है अमर चंदनानी,बता दे की पार्षद स्थानीय परिषद के संचालन में अपने स्थानीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने जाते हैं तथा लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले कई प्रमुख निर्णयों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।पार्षद स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए एकमात्र सामुदायिक प्रतिनिधि होते हैं जो स्थानीय क्षेत्रों में और स्थानीय समुदायों की ओर से सार्वजनिक सेवाओं के प्रदर्शन के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराने में सक्षम होते हैं।



# छग में नागरिकों को सशक्त करने डिजिटल गवर्नेंस मॉडल: साय

## मुख्यमंत्री ने धमतरी में स्वामित्व कार्डो के वितरण का किया शुभारंभ, 268 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर, 9 जनवरी।** हमने छत्तीसगढ़ में नागरिक सुविधाओं को सुगम एवं सशक्त करने के लिए डिजिटल गवर्नेंस के मॉडल को अपनाया है। सभी विभागों में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों का उपयोग किया जा रहा है जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुगमतापूर्वक योजनाओं की पहुंच आसानी से हो सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज धमतरी जिले में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में उक्त बात कही। कार्यक्रम में उन्होंने 268 करोड़ रूपए के विकास कार्यो का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि स्वामित्व कार्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवास करने वाले ग्रामीणों की बड़ी समस्या आज दूर हो रही है। इन लोगों को आबादी भूमि पर स्वामित्व के पक्के दस्तावेज मिल रहे है। दस्तावेज नहीं होने के कारण अक्सर विवाद की स्थिति में मामले न्यायालयों में सालों-साल लंबित रहते थे। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस समस्या को समझा और उसे दूर करने के लिए तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत को महाशक्ति बनना है तो भारत को तकनीक दृष्टि से सक्षम होना ही पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने हर स्तर पर डिजिटल गवर्नेंस को अपनाया है। रजिस्ट्री में लोगों को आसानी हो, यह पारदर्शी प्रक्रिया से हो, इसके लिए हमने सुगम एप तैयार किया है। दस्तावेजों के डिजिटलीकरण के लिए भी हम काम कर रहे हैं। स्वामित्व योजना के लिए जो ड्रोन सर्वे हमने कराये, इससे आबादी भूमि का अद्यतन नक्शा हमारे पास तैयार हो गया है, इसके कई लाभ हमें मिलेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्राम पंचायत की विकास योजना अर्थात जीपीडीपी बनाने में इससे काफी मदद मिलेगी। इससे शासकीय और सार्वजनिक संपत्ति की देखरेख करने में काफी मदद मिलेगी और अतिक्रमण की संभावना समाप्त होंगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पहली बार यह सोचा कि कमार बसाहटों तक भी सड़क पहुंचनी चाहिए, इनके लिए भी साफ पानी होना चाहिए, बिजली होना चाहिए, बच्चों के लिए स्कूल होना चाहिए। जब ऐसी संवेदनशीलता मन में होती है तभी पीएमजनमन जैसी योजना अस्तित्व में आती है। एक साल के भीतर प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से कमार जनजाति की बसाहटों में विकास का उजाला फैला है। लगभग 47 करोड़ रुपए की लागत से 36 सड़कें हमने बनाई हैं। उन्होंने कहा कि पीएम आवास, सौभाग्य योजना, जलजीवन मिशन, पीएम जनमन योजना सारी योजनाएं नागरिकों के जीवन को आसान करती हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए विकास की राह खोलती हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि धमतरी जिले को चित्रोत्पला महानदी का विशेष वरदान प्राप्त है। खेती-किसानी के क्षेत्र में धमतरी जिला हमेशा से अग्रणी रहा है। किसान भाई भरपूर मेहनत कर अच्छी फसल ले रहे हैं। धान के अलावा दलहन-तिलहन की फसल भी ले रहे हैं। इन सबके लिए भरपूर पानी चाहिए, इसके लिए जल संरक्षण बहुत जरूरी है। धमतरी जिले में जल संरक्षण को लेकर व्यापक कार्य हुए हैं।

## डिप्टी सीएम ने ली गृह विभाग की समीक्षा बैठक

**रायपुर, 9 जनवरी।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में महानदी भवन, मंत्रालय में गृह विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुवा, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दिनभर चली इस मैराथन बैठक में उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पुलिस विभाग के विभिन्न शाखाओं के कार्यों पर गहन चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जारी एसओपी के पालन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाए और दोषी पाए जाने पर उनकी संपत्ति को तत्काल कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई पुलिस अधिकारी या कर्मचारी इस अवैध कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत बर्खास्तगी सहित कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पुलिस विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए नवीन स्थानांतरण नीति को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए, जिससे विभागीय कार्यक्षमता में सुधार हो सके। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवानों के परिवारों को प्राथमिकता देते हुए अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शहीद हुए जवानों के अमर बलिदानी स्मारक का निर्माण उनकी परिवार की सहमति से प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि उनकी शहादत का सम्मान हर स्तर पर सुनिश्चित हो।

## बीकॉम की परीक्षा की समयसारणी को आगे बढ़ाने के लिये एनएसयूआई ने दिया ज्ञापन

### पंडित रविशंकर शुक्ल विवि में 15 और 18 को एक ही दिन परीक्षा से परीक्षार्थी परेशान

**रायपुर, 9 जनवरी।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में 15 और 18 को बी कॉम और सीए का परीक्षा एक ही दिन में हो रही हैं जीसके कारण स्टूडेंट दोनों ही परीक्षा मे भाग नहीं ले पायेंगे । जिसको लेकर आज ह्स्ढ्ढ के रायपुर ज़िला महासचिव रमनजोत सिंह (जोंटी)ने कुलपति के नाम का ज्ञापन कुलसचिव को दिया ताकि जो स्टूडेंट सीए का तैयारी कर रहा हैं उनको समस्या का सामना ना करना पड़े । एनएसयूआई रायपुर ज़िला महासचिव रमनजौत सिंह ने कहा कि स्टूडेंट की यह समस्या को जल्दी से जल्द ठीक किया जाये ताकि उनको आने वाला समय मे दोनों ही परीक्षा मे भाग लेना का मौक़ा मिले साथ में अगर स्टूडेंट की यह माँग नहीं मानी गयी तौ आने वाले समय मैं विश्वेविद्यालय का घेराव किया जाएगा।



### छत्तीसगढ़ में तापमान में उतार-चढ़ाव जारी

**रायपुर, 9 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, जिससे लोगों को रात के समय ठंड परेशान करने वाली है. मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है. जिसके बाद तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा. मौसम विभाग ने 9 जनवरी को तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना जताई है. प्रदेश में 9.4 डिग्री के साथ अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा. मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक प्रदेश में आज न्यूनतम तापमान नहीं गिरावट होगी. इसके बाद कल से यह बढ़ते क्रम में आ जाएगा इस दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा. उत्तरी क्षेत्र में सुबह के वक्त कोर छाए रहने की संभावना है.

# महिलाओं पर अत्याचार को दर्शाती फिल्म सुकवा का प्रदर्शन 10 को

**रायपुर, 9 जनवरी।** गजेंद्र श्रीवास्तव प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्माता गजेंद्र श्रीवास्तव, जिन्हनि पूर्व में हिंदी और छत्तीसगढ़ी फिल्मों का निर्माण किया है इस बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित निर्देशक मनोज वर्मा के साथ मिलकर 'सुकवा' फिल्म का निर्माण किया है जो 10 जनवरी 2025 से पूरे छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है फिल्म 'सुकवा' एक लोक कथा पर आधारित है। जिसकी कहानी ललित कुमार निषाद के द्वारा लिखी गई है एवं पटकथा संवाद मनोज वर्मा का है, यह एक ऐसी कहानी है जो सदियों से चली आ रही कुरीतियों को उजागर करती, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को दर्शाती और अंधविश्वास के प्रति जागरूकता पर आधारित है।



मनोज वर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि फिल्म में भूत प्रेत भी हैं लेकिन फिल्म हॉरर नहीं है, हंसी मजाक से भरपूर और एक संदेश देती हुई फिल्म सुकवा जिसमें सुपरस्टार मन कुरेशी, दीक्षा ज़ायसवाल प्रदेश की जानी-मानी लोग गायिका एवं एनएसडी दिल्ली से पास आउट गरिमा दिवाकर इसमें मुख्य रोल में दिखाई देंगे, इनके साथ-साथ प्रदेश के सभी जाने-माने कलाकार पुष्पेंद्र सिंह, विनय अम्बस्ट, क्रांति दीक्षित, अंजलि चौहान मनोज जोशी शीतल शर्मा उपासना वैष्णव और कॉमेडियन के रूप में विख्यात संजय महानंद, हेमलाल कौशल, पप्पू चंद्राकर, संतोष निषाद, सेवक यादव, ओंकार चौहान प्रमुख रूप से हैं। फिल्म मे प्रसिद्ध Youtuber ओमी स्टाइलो भी हैं जिन्होंने फिल्म में महत्व जिन्होंने फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। फिल्म में एक गीत बॉलीवुड के मशहुर गायक उदित नारायण एवं सोमी सैलेश द्वारा गया गया है साथ ही इसमें सुनील सोनी के साथ अलंका चंद्राकर, अनुपम मिश्रा, कंचन जोशी मिथिलेश्वरी सेन, मोनिका वर्मा, श्रद्धा मंडल ने अपनी आवाज में दी है।

### निर्माण कार्य



रायपुर, 9 जनवरी। नगर निगम रायपुर के चौक-चौराहों का निर्माण शुरू हो गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26